आर0एन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 85 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, शनिवार, 13 नवम्बर 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

एयर शो के रिहर्सल में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा

पूर्वी यूपी के अर्थव्यवस्था की रीढ़ होगा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे

लखनऊ, एजेंसी। नवंबर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे से पहले शुक्रवार को तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तरप्रदेश आजादी के बाद से ही विकास में उपेक्षित था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में अब इसका विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तरप्रदेश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगा। इसपर आठ स्थानों पर औद्योगिक गलियारा विकसित करने का काम शुरू कर दिया गया है। 16 नवंबर को पूरी भव्यता के साथ प्रधानमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे। इसपर बने साढ़े तीन किमी के एयर स्ट्रिप पर विषम परिस्थितियों में एयरफोर्स सहित अन्य विमान को उतारा जा सकेगा। लोकार्पण के दिन 16 नवंबर को ट्रायल एयर शो भी आयोजित होगा, जिसे जनता देख सकेगी। सीएम योगी ने कहा कि



जुलाई 2018 में इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री के हाथों हुआ था। 19 महीने कोरोना महामारी के बाद भी इसका निर्माण समय से पूरा कर लिया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, गोरखपुर एक्सप्रेसवे का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पहले सीएम ने यूपीडा के कैंप कार्यालय में एयरफोर्स, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। सीएम ने 16 नवंबर के कार्यक्रम को लेकर पूरा जायजा भी लिया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के लिए अरवलकीरी करवत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन 16 नवंबर को प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 16 नवंबर को लड़ाकू विमान करीब 30 मिनट तक करतब दिखाएंगे। उनके आगमन से पहले पूर्व तैयारी का जायजा लेने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी को देखने के लिए अरवलकीरी पहुंचेंगे तो उनकी मौजूदगी में वायुसेना कई युद्धक विमानों को उतारेगी। इस संदर्भ में गोरखपुर वायु सेना के विंग कमांडर दीपांकर, लखनऊ वायु सेना अधिकारी कैप्टन मोहित सक्सेना, विंग कमांडर जेआर सुमन सहित कई सैन्य अफसरों ने एक्सप्रेसवे के किमी 124.750 से किमी 129.450 के मध्य सुरक्षा के हर पहलुओं का निरीक्षण किया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अरवलकीरी करवत में बनी हवाईपट्टी पर 16 नवंबर को 20 से अधिक लड़ाकू विमान उतरेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 को एक्सप्रेस वे के लोकार्पण करेंगे। इसके बाद जनता इसी एक्सप्रेस-वे पर सुखोई, एसयू 30, मिराज 2000, जगुआर आदि फाइटर प्लेनों का अदभुत करतब नजदीक से देखेगी। भारतीय वायु सेना के कुशल पायलट टच एंड गो के तहत एयर स्ट्रिप पर उड़ान भरेंगे। एकसप्रेस-वे पर राज्य का यह दूसरा एयर स्ट्रिप है, जहां पर फाइटर प्लेन आपातकाल स्थिति में लैंडिंग करेंगे। इसी तरह की एयर स्ट्रिप लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बनी है। पांच वर्ष पहले वहां भी फाइटर प्लेन उतर चुके हैं। लड़ाकू विमानों के साथ परिवहन विमान सीवन-30, गजराज भी उतरेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ डृक्षसह, राज्यपाल आनंदीवेन पटेल, राज्य के डिप्टी सीएम केशव मौर्य सहित कई मंत्री व बड़े नेता के आने की संभावना है।

मोदी बोले, सरकार के निर्णयों का प्रभाव बढ़ाने में आरबीआई के फैसले बने मददगार

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से किये गये फैसलों का प्रभाव बढ़ाने में रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्णयों को मददगार बताया और कहा कि बीते वर्षों में बैंकिंग एवं वित्त क्षेत्र के समावेशन समेत अन्य सुधारों की ताकत को कोरोना महामारी के दौरान पूरे देश ने देखा और उन्हें विश्वास है कि एक संवेदनशील और निवेशक हितैषी गंतव्य के रूप में भारत की नयी पहचान को आरबीआई निरंतर सशक्त करता रहेगा।

श्री मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिजर्व बैंक की दो अभिनव सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें एक के जरिए अब आम आदमी भी केंद्रीय बैंक से सीधे सरकारी बॉन्ड खरीद कर अपना पैसा उसमें निवेश कर सकेगा। दूसरी सुविधा पूरे देश के लिए आरबीआई की एकीकृत लोकपाल योजना है। इसके तहत ग्राहक कहीं से एक ही स्थान पर डिजिटल माध्यम से बैंकिंग सेवाओं के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र को और मज़बूत करने के लिए सहकारी बैंकों को भी आरबीआई के दायरे में लाया गया। इससे इन बैंकों की गवर्नेंस में भी सुधार आ रहा है और जो लाखों जमाकर्ता हैं, उनके भीतर भी इस प्रणाली के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। बीते सालों में देश के बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में समावेशन से लेकर प्रौद्योगिकीय एकीकरण और दूसरे सुधार किए हैं। उनकी ताकत हमने कोविड के इस मुश्किल समय में भी देखी है। सरकार जो बड़े-बड़े फैसले ले रही थी उसका प्रभाव बढ़ाने में आरबीआई के निर्णयों ने भी मदद की है। श्री मोदी ने कहा, छह-सात साल पहले तक देश में बैंकिंग, पेंशन, बीमा, ये सबकुछ एक एक्सक्लूसिव क्लब जैसा हुआ करता था।

काशी में गृह मंत्री : अमित शाह और सीएम योगी ने महामना को दी श्रद्धांजलि

विधानसभा चुनावों की रणनीति पर होगी चर्चा

वाराणसी, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंच गए हैं। शाम करीब साढ़े चार बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे गृहमंत्री का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने स्वागत किया। वह प्रदेश की चुनाव प्रबंधन टीम की बैठक के समापन सत्र में करीब तीन घंटे के मंथन में विधानसभा चुनाव में भाजपा की योजना तय करेंगे। एयरपोर्ट के बाद वह सीधे लंका पहुंचे, जहां उन्होंने महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। अमित शाह ने मालवीय प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद जनता का अभिवादन स्वीकार किया। वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और जनता ने हर-हर महादेव के उद्घोष कर उनका स्वागत किया। गृह मंत्री के साथ सीएम योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने पुष्प अर्पित किए। शाम

को बड़ालालपुर स्थित हस्तकला संकुल में भाजपा के चुनाव प्रबंधन की टीम विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीति तय करेगी। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल होंगे। गृह मंत्री शनिवार को राजभाषा विभाग के पहले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दोपहर में वे आजमगढ़ जाएंगे और वहां चुनावी शंखनाद करेंगे। पहला सत्र में केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान इसकी अध्यक्षता करेंगे। दूसरे सत्र की अध्यक्षता अमित शाह करेंगे। इसमें छह सौ से ज्यादा पदाधिकारी शामिल रहेंगे और यहां अलग-अलग चरणों में पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चर्चा करेगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार चुनाव प्रबंधन टीम अलग-अलग क्षेत्रों की रिपोर्ट तैयार करेगी और इसमें अमित शाह उसी आधार पर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। प्रदेश में 300 पार का नारा लेकर चुनावी अभियान की शुरुआत में जुटी भाजपा पूर्वांचल से ही अपनी रणनीति बनाएगी। प्रदेश की 33 फीसदी सीटों को समेटने वाले पूर्वांचल में वर्ष 2017 में भाजपा का प्रदर्शन बहुत शानदार था। वर्ष 2014 से 2019 तक हुए तीन चुनावों में अमित शाह के प्रबंधन कौशल की वजह से ही यहां क्लीन स्वीप की स्थिति बनी थी।

जिला जज जालौन पर 21 हजार का हर्जाना

प्रयागराज, (संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायाधीश जालौन द्वारा रेलवे में चयनित होने पर अपने जिला अदालत में कार्यरत कर्मी के इस्तीफे को तीन माह की नोटिस न देने के तकनीकी आधार पर अस्वीकार कर जांच बैठाने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि कर्मचारी का इस्तीफा स्वीकार कर इस्तीफे की तिथि से उसे कार्यमुक्त करें और आदेश रेलवे को प्रेषित करें। कोर्ट ने याची को मानसिक रूप से परेशान करने के लिए जिला जज को निर्देश दिया है कि वह याची को 21 हजार रूपये एक हफ्ते में भुगतान करें। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने खूब सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि याची 2014 की भर्ती में जिला अदालत में लिपिक पद पर नियुक्त हुआ। विभाग की अनुमति से रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा दी। वह रेलवे में स्टेनोग्राफर पद पर चयनित किया गया। उसने जिला जज को लिपिक पद से इस्तीफा भेजा और रेलवे में ज्वाइन किया।

सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को उम्रकैद

लखनऊ, एजेंसी। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने शुक्रवार देर शाम को यह सजा सुनाई। गायत्री के दो अन्य साथियों आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। तीनों पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने 10 नवंबर को फैसला सुनाया था, जिसमें तीनों दोषी करार दिए गए थे। इस मामले के चार अन्य अभियुक्त गायत्री के गनर रहे चंद्रपाल, पीआरओ रुपेश्वर उर्फ रुपेश व एक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के बेटे विकास वर्मा तथा अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था। शुक्रवार को तीनों अभियुक्त कोर्ट में मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह

अभियुक्तों के खिलाफ 18 फरवरी, 2017 को थाना गौतमपल्ली में सामूहिक दुष्कर्म, जानमाल की धमकी व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दुष्कर्म पीड़िता की अर्जी पर दिया था। दुष्कर्म पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नाबालिग बेटी के साथ भी दुष्कर्म का आरोप लगाया था। गायत्री समेत सभी अभियुक्तों को मार्च 2017 में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। पीड़िता ने बार-बार बदले थे बयान, डेढ़ वर्ष से घर पर नहीं- सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने दोषी ठहराए गए पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को लेकर बार-बार बयान बदले थे। उसने वर्ष 2019 में गायत्री को क्लीनचिट भी दे दी थी। उसने हमीरपुर के एक शख्स को आरोपित ठहराते हुए कहा था कि उसके बहकावे में आकर यह कदम उठाया था। पीड़िता के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एक अन्य मामले में समन जारी किया था। तब से पीड़िता घर छोड़ कर चली गई थी। वहीं, बुधवार को जब पीड़िता से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन नंबर भी स्विच आफ मिला।

गहलोत के बाद अब सचिन पायलट सोनिया से मिले

नयी दिल्ली, एजेंसी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट के बीच सत्ता को लेकर चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सक्रिय हो गई हैं और उन्होंने श्री गहलोत से मुलाकात के एक दिन बाद आज श्री पायलट से बातचीत की। श्री पायलट ने कांग्रेस अध्यक्ष से उनके आवास पर मुलाकात के बाद पत्रकारों को बताया कि उन्होंने श्रीमती गांधी से कहा कि राजस्थान में मंत्रिमंडल में जल्द ही विस्तार होना है और इसमें पार्टी के लिए काम करने वाले लोगों को भी सम्मान मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष के श्री गहलोत के बाद उनके बातचीत करने संबंधी सवाल पर श्री पायलट ने कहा कि यह बहुत अच्छा है कि श्रीमती गांधी लगातार राजस्थान को लेकर वहां के नेताओं से जानकारी ले रही हैं कि प्रदेश में फिर पार्टी का परचम लहराए इसके लिए किस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए।

केंद्रीय जीएसटी नेटवर्क को सिस्टम की खामियां दुरुस्त करने का निर्देश

प्रयागराज, (संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी पोर्टल पर कम्पनी को अधूरी नोटिस जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है और सहायक आयुक्त व्यवसाय कर कासगंज, अलीगढ़ को पूरे व्योरे के साथ नये सिरे से नोटिस जारी करने की छूट दी है। कोर्ट ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क नई दिल्ली को भी अधूरी नोटिस पोर्टल पर अपलोड करने की जांच करने का आदेश देते हुए उपचारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जीएसटी पोर्टल पर अपलोड नोटिस के तथ्यों का सत्यापन किया जाय ताकि अनावश्यक याचिकाएं दाखिल न हो। यह आदेश न्यायमूर्ति नाहिद आरा मुनीस तथा न्यायमूर्ति एस.डी सिंह की खंडपीठ ने मेसर्स दाऊजी इस्पात कम्पनी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका के अनुसार सहायक आयुक्त व्यवसाय कर कासगंज ने याची को कारण बताओ नोटिस जारी की। नोटिस कम्पनी के पोर्टल पर दी गई। किन्तु जो नोटिस जीएसटी पोर्टल पर अपलोड है, वह नोटिस याची कम्पनी के पोर्टल पर अधूरी भेजी गई। जिसमें कारण नहीं बताया गया है। जिसे चुनौती दी गई थी। याची का कहना था कि अधूरी नोटिस के खिलाफवह अपील दाखिल नहीं कर सकते। क्योंकि कारण नहीं बताया गया है, तो जवाब किसका दिया जाय। राज्य सरकार से पूछा गया तब पोर्टल पर अपलोड पूरी नोटिस दाखिल की गई। इस पर कोर्ट ने केंद्रीय जीएसटी नेटवर्क के अधिवक्ता कृष्णजी शुक्ल को जीएसटी पोर्टल पर अपलोड नोटिस पेश करने को कहा। पोर्टल पर मौजूद नोटिस पेश की गई। जिसके पेज याची कम्पनी को दी गई नोटिस से अधिक थे। याची को अधूरी नोटिस जारी की गई थी। जिस पर कोर्ट ने व्यवसाय कर विभाग के अपर आयुक्त को तलब कर सत्यापन करने का निर्देश दिया।

सीडीएस रावत बोले : भारत की सुरक्षा के लिए चीन सबसे बड़ा खतरा

लेकिन हम किसी भी दुस्साहस से निपटने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने चीन को भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भेजे गए हजारों सैनिकों और हथियारों की वापसी लंबे समय तक नहीं हो पाएगी। एक मीडिया कॉन्क्लेव में जनरल रावत ने गुरुवार को कहा कि परमाणु शक्ति संपन्न दो पड़ोसियों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों में विश्वास की कमी और संदेह बाधा बनी हुई है। पिछले महीने दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत गतिरोध के साथ खत्म हुई, क्योंकि दोनों देश इस बात पर सहमत नहीं हुए कि सीमा से कैसे सैनिकों को वापस बुलाया जाना है। पिछले साल से ही एलएसी पर तनाव

के बीच दोनों देश सीमा पर सैनिकों के साथ हथियार भी बढ़ाने में जुटे हुए हैं। जनरल रावत ने कहा कि भारत सीमा पर और समुद्र में किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए तैयार है। चीनी (एलएसी के पास) गांव बसा रहे हैं और भविष्य में इनका इस्तेमाल फौजियों के ठिकाने के रूप में हो सकता है। दोनों देशों के बीच तनातनी के बाद चीन ने यह कदम उठाया है। सीडीएस रावत ने अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के भारत पर संभावित असर को लेकर भी चिंता जाहिर की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में इसके जरिए आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश हो सकती है। जनरल रावत ने कहा कि शत्रुतापूर्ण रवैया रखने वाले चीन और तालिबान के साथ पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा मुद्दों ने भारतीय सेना के लिए उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं के साथ थिएटर कमांड पुनर्गठित करना जरूरी बना दिया है।

अक्टूबर में फिर बढ़ी महंगाई

नई दिल्ली, एजेंसी। महंगाई के आंकड़े जारी हो गए हैं। अक्टूबर महीने में महंगाई बढ़ी है। इसमें सितंबर महीने के मुकाबले बढ़ोतरी हुई है। सितंबर में यह आंकड़ा 4.35 फीसद था जो अक्टूबर में बढ़कर 4.48 फीसद हो गया। बता दें कि सरकार ने बीते हफ्ते ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की है। इसका असर मुद्रास्फीति की दर पर पड़ेगा। आरबीआई के मुताबिक महंगाई के नजरिए से यह बेहद सकारात्मक कदम है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक दिन पहले कहा था कि खाद्य मुद्रास्फीति अब नियंत्रण में आ चुकी है लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति अभी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क को कम करना मुद्रास्फीति के लिए बेहद सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति मुख्य रूप से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कारकों की वजह से है और सरकार ने इसे काबू में करने के लिए कदम उठाए हैं।

दिल्ली एनसीआर में धुंध की चादर वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह धुंध की घनी चादर दिखाई दी। वायु गुणवत्ता खराब होने से यह अब गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। राजधानी में सुबह दस बजे के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 अंक को पार कर गया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है। आईएमडी ने सुबह के बुलेटिन में कहा दिल्ली-एनसीआर में 12 और 13 नवंबर को वायु गुणवत्ता बेहद खराब रहने का अनुमान है। वहीं 14 नवंबर को भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब की श्रेणी को पार कर जायेगा। विभाग ने कहा कि आज दिन के समय हल्की हवाएं चली और शाम/रात में हवा के रुकने से प्रदूषण बढ़ने के लिए प्रतिकूल होगा। अगले पांच दिनों तक प्रतिकूल मौसम की स्थिति बने रहने के आसार हैं। वायु गुणवत्ता प्रणालीऔर मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान के अनुसार अगले दो

दिन तक वायु गुणवत्ता बेहद खराब से गंभीर श्रेणी में बनी रहने का अनुमान है। एजेंसी ने कहा कि आज आग के प्रभाव का असर 3914 तक कम हो गया। जबकि पीएम2.5 में पराली जलाने की हिस्सेदारी करीब 26 फीसदी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पीएम 2.5 आज सुबह में 346 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। जो सुरक्षित सीमा से छह गुना ज्यादा थी। राजधानी में पीएम 10 का स्तर 504 माइक्रोग्राम घन मीटर दर्ज किया गया। राजधानी के कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता का स्तर 500 से पार कर खतरनाक श्रेणी तक पहुंच गया है।

लखीमपुर खीरी हत्याकांड पर सुनवाई स्थगित जांच निगरानी पर सोमवार को फैसला

नयी दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय में लखीमपुर खीरी हत्याकांड मामले में जांच की निगरानी का जिम्मा उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश को देने के पर शुक्रवार को निर्णय नहीं लिया जा सका और इस मामले में सोमवार हो फैसला सकता है। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन , न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे की गुजारिश पर सुनवाई सोमवार तक के लिए टाल दी। शीर्ष न्यायालय ने पिछली सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायलय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजीत सिंह और न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन के नाम सुलझाये थे। पीठ ने दोनों न्यायाधीशों में से किसी एक से जांच की निगरानी का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर वकील हरीश साल्वे ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा, वह कुछ काम कर रहे हैं। सुनवाई सोमवार तक के लिए टाल दी जाए। पिछली सुनवाई के दौरान उन्होंने पीठ को आश्वस्त किया था कि सरकार लखीमपुर खीरी मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की निगरानी के लिए शीर्ष अदालत की ओर से सुझाए गए

न्यायाधीशों के नाम के बारे में शुक्रवार को अपनी राय देगी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली यह खंडपीठ अब तक हुई सुनवाईयों के दौरान योगी आदित्यनाथ की सरकार की जांच पर असंतोष व्यक्त करते हुए कई बार फटकार लगा चुकी है।

शीर्ष न्यायालय ने पिछली सुनवाई के दौरान प्रथम दृष्टया एक आरोपी को बचाने की कोशिश करने समेत कई सवाल सरकार पर खड़े किए थे। सरकार को गवाहों की सुरक्षा का आदेश देते हुए सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उनके बयान दर्ज कराने में तेजी लाने का आदेश पीठ ने दिया था।

देश में कोरोना के 12 हजार से अधिक नये मामले

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के मामलों में एक दिन पहले की तुलना में कुछ कमी दर्ज की गयी और इस दौरान करीब साढ़े 12 हजार नये मामले सामने आये हालांकि स्वस्थ होने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रहने से सक्रिय मामलों में गिरावट जारी रही। इस बीच देश में गुरुवार को 53 लाख 81 हजार 889 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक एक अरब दस करोड़ 79 लाख 51 हजार 225 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 12,516 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 44 लाख 14 हजार 186 हो गया है।

धर्म पर सियासत

राहुल ने कहा, आरएसएस की नफरत वाली विचारधारा हावी बीजेपी बोली,कांग्रेस ने 24 घंटे में हिंदू धर्म पर 3 हमले किए

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंदू धर्म और हिंदुत्व को लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। सलमान खुर्शीद और राशिद अल्वी के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इसमें शामिल हो गए हैं। वहीं, भाजपा ने भी अब कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भाजपा ने हिंदू धर्म पर आ रहे कांग्रेस के बयानों को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने 24 घंटे के अंदर 3 बार हिंदू धर्म पर हमला किया। सलमान खुर्शीद, राशिद अल्वी और इसके बाद खुद राहुल गांधी ने हिंदू धर्म पर सवाल उठाए हैं। ये कांग्रेस और गांधी परिवार का चरित्र रहा है। उन्हें जब भी मौका मिलता है, वे हिंदू धर्म पर हमला करते हैं। पात्रा ने कहा कि 17 दिसंबर 2010 को राहुल गांधी ने कहा था कि

देश को आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिंदुओं से है। पी चिदंबरम ने 25 अगस्त 2010 को पहली बार भगवा आतंकवाद शब्द का प्रयोग किया था। संबित ने आगे कहा कि सलमान खुर्शीद हिन्दू धर्म की तुलना बोकोहरम और आईएसआईएस से करते हैं और शशी थरूर हिन्दू तालिबान कहते हैं। दिग्विजय सिंह और मणिशंकर अय्यर हिन्दू धर्म के खिलाफ भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। यह संयोग नहीं, ये प्रयोग है और इस प्रयोगशाला के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी हैं। राहुल के कहने पर शशी थरूर, सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह और मणिशंकर अय्यर जैसे लोग हिन्दू धर्म के विरोध में बयानबाजी करते हैं। राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी के जन जागरण अभियान का वर्चुअली शुभारंभ करते हुए पूछा कि क्या हिंदुत्व और हिंदू धर्म में समानताएं हैं? अगर दोनों एक ही हैं तो इनका नाम अलग-अलग क्यों है। बिल्कुल, दोनों में अंतर हैं। हिंदू धर्म में किसी मुस्लिम या सिख को पीटने की बात नहीं है, लेकिन हिंदुत्व में जरूर है। हम मानें या न मानें, लेकिन आरएसएस और बीजेपी की नफरत फैलाने वाली विचारधारा कांग्रेस की प्यार फैलाने वाली राष्ट्रवादी विचारधारा पर भारी पड़ गई है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने क्रके संभल में कार्यक्रम के दौरान राम के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने रामायण का एक प्रसंग सुनाते हुए जय श्रीराम कहने वालों की तुलना राक्षस से कर डाली। अल्वी ने कहा कि जो जय श्रीराम का नारा लगाते हैं, वे सभी मुनि नहीं, वो निशाचर होते हैं। होशियार रहने की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्क्वैश प्रतियोगिता : गौरव, उदय और नव्या का अगले दौर में प्रवेश

❑ प्रथम संजय गुप्ता स्मृति राष्ट्रीय स्क्वैश सर्किट प्रतियोगिता

प्रयागराज, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के गौरव श्रीवास्तव, उदय भारती ने पुरुष वर्ग एवं नव्या गुप्ता ने महिला वर्ग में अपने-अपने मुकाबले जीत कर प्रथम संजय गुप्ता स्मृति राष्ट्रीय स्क्वैश सर्किट प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मेयोहॉल) में शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में गौरव श्रीवास्तव (उप्र) ने इनायत हुसैन (दिल्ली) को 3-0, उदय भारती (यूपी) ने मुदित दुबे (यूपी) को 3-0, राहुल ने गौरव रावत (यूपी) को, आकाश शर्मा (हरियाणा) ने मोहम्मद अनस (यूपी) को 3-0, रणविजय सिंह (तमिलनाडु) ने मोहम्मद आदिल वारसी (यूपी) को 3-0, सूरज चंद (महाराष्ट्र) ने अर्जुन गुप्ता (दिल्ली) को 3-1, युवराज वाधवानी (महाराष्ट्र) ने रोहित बाबा (हरियाणा) को 3-0 वेदांत कुशवाहा (महाराष्ट्र) ने रौनक यादव (सर्विसेज) को 3-0 से हराया। महिला वर्ग में नव्या गुप्ता (यूपी) ने इशिका आनंद (दिल्ली) को 3-0, अद्विता शर्मा (दिल्ली) ने आराधना कस्तूरीराज (तमिलनाडु) को 3-1, सेहर नायर (चंडीगढ़) ने उमा चौधरी (राजस्थान) को 3-0, सुनीता पटेल (महाराष्ट्र) उन्नति त्रिपाठी (उत्तराखंड) को 3-0, अंजली सेमवाल (महाराष्ट्र) ने त्रिना इरिस(तमिलनाडु) को 3-0, देवश्री अरोरा (हरियाणा) ने खुशी पुराणिक (दिल्ली) को और ध्रितीह कंडपाल (गुजरात) ने छायानिका चंगकाकोटी (आसाम) को 3-0 से हराया। इसके अलावा बालक अंडर-17 वर्ग में प्रकाश, ऋषि पनवार, अर्जुन गुप्ता, युवराज वाधवानी, सुमेर सिंह अहलूवालिया, राज शर्मा, राज यादव, तन्मय गुप्ता, अवालोकित सिंह, मयप्पन, मनन संगरिया, अंश त्रिपाठी, बालक अंडर-13 में पार्थ वीर सिंह, गर्वित कोठारी, राघव वशिष्ठ एवं गर्ल्स अंडर-13 में अहाना सिंह और अरोमा ने अपने-अपने मैच जीते। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। चैम्पियनशिप के चेयरमैन सतीश चतुर्वेदी, निदेशक विकास तलवार ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता अध्यक्ष जस्टिस डीपी सिंह (रिटायर्ड) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन स्क्वैश कोच मो. साबिर ने किया। इस मौके पर म्योहाल प्रभारी अनिल तिवारी, बैडमिंटन कोच प्रदीप तिवारी, अपर्णा पांडेय, विशाल तलवार आदि मौजूद रहे।

पाक की हार पर बलूचिस्तान में जश्न: पाक के मैच हारते ही नाचने लगे बलोच

नयी दिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद एक तरफ पूरा पाकिस्तान मायूस नजर आया तो वहीं बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तान की हार का जश्न मनाया। खुशी से झूमते इन बलोच लोगों के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में जहां बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान की हार पर एक-दूसरे को बधाई देते नजर आ रहे हैं, तो वहीं दूसरे वीडियो में वे नाचते दिख रहे हैं। वीडियो को पाकिस्तान मूल के कनाडाई पत्रकार तारिक फतेह ने भी शेयर किया है। बलोच नेशनल मूवमेंट (यूके जोन) के प्रेसिडेंट हकीम बलोच ने भी ट्विटर पर नाचते हुए बलोच लोगों का वीडियो पोस्ट किया है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का एक प्रांत है। इसकी राजधानी क्वेटा है। बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान से आजादी की मांग करते आए हैं।

अमित त्रिपाठी क्लासेज ने सफल मेडिकल छात्रों व अभिभावकों को किया सम्मानित

प्रयागराज, (संवाददाता)। अमित त्रिपाठी क्लासेस ने मेडिकल परीक्षा नीट के परिणाम में सफल छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु शुक्रवार को उनके अभिभावकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों एवं अभिभावकों ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसीएम डॉ सत्येन्द्र राय, विशिष्ट अतिथि डॉ सुशील कुमार सिन्हा, डॉ एस.के राय एवं रोटरी गवर्नर स्तुति अग्रवाल रही। जिन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया। केमिस्ट्री एक्सपर्ट एटीसी के निदेशक अमित त्रिपाठी ने बताया कि अमित त्रिपाठी क्लासेज से कुल 40 बच्चों में से 18 बच्चे सफल हुए हैं। जिसमें आशीष रंजन की सफलता सबके लिए प्रेरणादायी रही। जिन्होंने ब्लड कैंसर के बावजूद नीट की परीक्षा में 607 अंक प्राप्त किया है। उनके सकारात्मक सोच का एक विशेष परिणाम यह हुआ कि अब आशीष रंजन के अंदर ब्लड कैंसर का संक्रमण भी काफी कम हो चुका है। ना केवल नीट अपितु सभी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह बहुत ही प्रेरणादाई है। आशीष रंजन ने बताया कि वे सोरांव के विकास इंटर कॉलेज के विद्यार्थी हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में अमित त्रिपाठी क्लासेस में नीट की तैयारी के लिए दाखिला लिया। लेकिन दुर्भाग्यवश ब्लड कैंसर की वजह से इनकी तैयारी अनियमित हो गई। बार-बार एम्स में कीमोथेरेपी के लिए जाना पड़ता था। माता-पिता एवं घर परिवार के बीच हमेशा दुःख और चिंता का माहौल रहता था। ऐसी परिस्थिति में नीट की तैयारी कर पाना सहज नहीं था। जब इस बात की जानकारी अमित त्रिपाठी को मिली तो उन्होंने नीट परीक्षा में सफल करा कर ऑंकोलॉजिस्ट बनाने का संकल्प लिया, जो अब पूरा होता दिख रहा है। आशीष रंजन ने बताया कि त्रिपाठी सर ने मेरा सम्पूर्ण मार्गदर्शन किया, निःशुल्क पढ़ाया एवं मनोबल बढ़ाया। पूरे परिवार ने इस सफलता का श्रेय अमित त्रिपाठी को दिया। अमित त्रिपाठी ने बताया कि उनके यहां 720 अंकों के पूर्णांक में 600 से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में मुख्यतः मोहम्मद मेराज 677 अंक, सौम्या 644, अभिषेक केसरवानी 641, अंकित 633, शशांक 627, अमित गुप्ता 625, श्रद्धा त्रिपाठी 625, आस्था विनने 617, शुभेंदु पांडे 614, आशीष रंजन 607 एवं शिल्पी 606 अंक पाकर सफलता प्राप्त की।

क्रूज ड्रग्स मामले में आर्यन खान का बयान दर्ज

मुंबई, एजेंसी। आर्यन खान ने शुक्रवार को क्रूज ड्रग्स मामले में एनसीबी के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक आर्यन ने नवी मुंबई के बेलापुर आरएएफ कैंप में अपना बयान रिकार्ड कराया। मुंबई में एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि मुंबई आने के बाद एनसीबी की टीम ने सात गवाहों को अपनी जांच में शामिल किया है। साथ ही इलेक्ट्रानिक और दस्तावेजी साक्ष्य जुटाए हैं। टीम ने क्राइम सीन का दौरा किया है। ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि दिल्ली से आई एनसीबी की टीम ने क्राइम सीन का दौरा किया है। मामले की जांच अभी जारी है हम जल्दी किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। हमने जांच के सिलसिले में मुंबई पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की थी। ज्ञानेश्वर सिंह ने यह भी बताया कि मुंबई पुलिस आयुक्त ने उनकी टीम को पूरा सहयोग देने और देश को नशा मुक्त बनाने में एनसीबी का सहयोग करने का भरोसा दिया है। दूसरी ओर खबर लिखे जाने तक आर्यन खान के बयान की रिकार्डिंग नवी मुंबई के बेलापुर आरएएफ कैंप में जारी थी। इससे पहले आर्यन खान एनसीबी के सामने पेश हुए। बाम्बे हाईकोर्टने पिछले महीने आर्यन को जमानत देते हुए हर शुक्रवार को एनसीबी के सामने पेश होने के निर्देश दिए थे। मौजूदा वक्त में बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान कथित मादक पदार्थ जब्ती मामले में जमानत पर हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक आर्यन खान दोपहर बाद दक्षिण मुंबई के बालार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी कार्यालय पहुंचे।

गंगा मशाल यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

प्रयागराज, (संवाददाता)। मेजर एलएन जोशी के नेतृत्व में 3 नवंबर को दिल्ली से शुरू हुई नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा टास्क फोर्स के द्वारा गंगा मशाल यात्रा शुक्रवार दोपहर बाद नवाबगंज पहुंची। यह यात्रा 5 राज्यों से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जाएगी। गंगा मशाल यात्रा का रामदुलारी बच्चू लाल जायसवाल महाविद्यालय नवाबगंज, सोराव, प्रयागराज में भव्य स्वागत किया गया। मेजर एलएन जोशी एवं उनकी टीम को एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर प्रयागराज की ओर से 6 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस घोष एवं 16 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कमांडिंग अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस अधाना ने पूरी टीम का भव्य स्वागत माल्यार्पण करके किया। गंगा मशाल यात्रा की टीम ने उपस्थित लोगों को गंगा की स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया एवं कहा कि यदि सभी लोग व्यक्तिगत रूप से साफसफाई करना शुरू कर दें तो गंगा स्वच्छ हो जाएगी।

गांव किनारे स्थित तलाब को बना दी कास्तकारी

कौशाम्बी, (संवाददाता)। सिराथू तहसील क्षेत्र के चक सैनी गांव में चकबंदी विभाग ने खेल करते हुये तलाब की सुरक्षित भूमि को कास्तकारी बना दिया था। भूस्वामी अब तालाब को पाटकर अपने खेत में मिला लिया जिसकी वजह से गांव के लोगों के सामने बरसात का पानी निकालने की समस्या बन गई। शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू विनय कुमार गुप्ता से कर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के चकसैनी गांव में टुकड़ों में बटे खेतों को एकत्रित करने के लिए चकबंदी प्रक्रिया शुरू की गई थी जिसमें विभाग ने गांव के किनारे स्थित डेढ बीघे रकबें के तालाब की गाटा सख्या 1359 को चक में शामिल कर दिया। लोगों का कहना है गांव में बरसात का पानी बहकर इसी तालाब में आता है। गांव के सुनील कुमार ,राजू, राजेंद्र पटेल , जवाहरलाल, अनिल कुमार सहित दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी सिराथू को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है।चकबंदी के पहले राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1359 की भूमि तालाब के नाम दर्ज है।

भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना पर शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रयागराज, (संवाददाता)। ब्राह्मण समाज उत्थान सेवा संस्था के बैनरतले भगवान परशुराम की सोलह फिट मूर्ति यूपी में सर्वप्रथम प्रयागराज में 14 नवम्बर को स्थापित होने जा रहा है। जिसमें जगद्गुरू शंकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है। जिसके क्रम में 13 नवम्बर को भव्य शोभायात्रा एवं 14 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। यह जानकारी ब्राह्मण समाज उत्थान सेवा संस्था राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी ने शुक्रवार को पत्रकारों को देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता ठाकुर देवकी नंदन जी महाराज होंगे एवं अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक बाजपेयी करेंगे। वरिष्ठ वक्ता बृजेश पाठक जी (विधि एवं न्याय मंत्री उप्र) तथा अश्विनी उपाध्याय वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय होंगे। इनके अतिरिक्त प्रयागराज के सांसद, विधायक, महापौर सहित अन्य कई गणमान्य जनों का आगमन होगा। साथ ही जगद्गुरू शंकराचार्य का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में बताया कि इस स्थापना के शुभ अवसर पर 13 नवम्बर को भगवान परशुराम की शोभा यात्रा दो बजे जी.एच.एस के जूनियर गेट से शुरू होगी। जो कानपुर रोड होते हुए हिन्दू हॉस्टल, प्रयाग संगीत समिति, हनुमान मंदिर, सुभाष चौराहा, काफी हाउस होते हुए वहीं अपने स्थान पर समाप्त होगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 14 नवम्बर को प्रयाग संगीत समिति में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए एक भव्य भजन संन्ध्या आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित है। जिसमें बाहर से भी कई प्रसिद्ध कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे। इस अवसर पर देवेन्द्र नाथ मिश्र, अमन पाण्डेय, विशाल, सूरज तिवारी, दीपक मिश्रा, सीपी तिवारी, आनन्द मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, सुधांशु त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

एयर फोर्स के सिपाही ने ड्यूटी के दौरान की आत्महत्या

प्रयागराज, (संवाददाता)। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में एयर फोर्स के सिपाही ने गुरूवार रात में सन्तरी पोस्ट के अन्दर सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। बागपत जनपद के बलौनी कला थाना क्षेत्र के मवीकला गांव निवासी सागर उज्जवल 21वर्ष पुत्र राजेन्द्र सिंह एयर फोर्स में बतौर सिपाही के पद पर कार्यरत था। पुलिस के मुताबिक गुरूवार रात सन्तरी पोस्ट के अन्दर ड्यूटी के दौरान सागर उज्जवल ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही एयर फोर्स के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना दी।

रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत,पति घायल

प्रयागराज, (संवाददाता)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के हथिगहां बाजार के पास शुक्रवार दोपहर एक रोडवेज बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में उसका पति घायल हो गया। नवाबगंज के शिवलाल का पूरा गांव निवासी रचना पटेल (45वर्ष) अपने पति संदीप कुमार के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जाने के लिए निकली। रास्ते में नवाबगंज के हथिगहां बाजार के पास उसकी मोटरसाइकिल में एक रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पति-पत्नी घायल हो गए।

कल व परसो होगा सिराथू का दशहरा मेला

कौशाम्बी, (संवाददाता)। सिराथू कस्बे में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय दशहरा मेला का आयोजन किया जा रहा है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए मेला अध्यक्ष धर्मेंद्र केसरवानी ने बताया कि सिराथू कस्बे का दो दिवसीय दशहरा मेला 14 व 15 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा दशहरा मेला को लेकर कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया है मेले में मनोरंजन के लिए झूला , सर्कस सहित तमाम दुकान लगाई गई है।

हमारी लड़ाई राष्ट्र विरोधी ताकतों से : महानगर अध्यक्ष

प्रयागराज, (संवाददाता)। 12 नवम्बर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रव्यापी पार्टी है, जहां सभी वर्ग के लोगों का सम्मान और अधिकार सुरक्षित है। हमारी लड़ाई राष्ट्र विरोधी ताकतों से है। इसलिए हम सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है भाजपा को मजबूत करना। यह बातें शुक्रवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने दरियाबाद में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा मुट्ठीगंज मंडल की कार्यसमिति की बैठक में कही। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने कहा कि हमें पार्टी द्वारा आई हुई सदस्यता अभियान एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाना है और पिछड़े वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य एवं मतदाता बनाने का कार्य करना है। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष किशोरी लाल जायसवाल ने कहा कि सत्ता हमारे लिए साधन है। साधना राष्ट्र की संस्कृति है और हमारा लक्ष्य अखंड भारत का निर्माण करना है। बैठक की अध्यक्षता सुशील निषाद ने एवं संचालन घनश्याम मौर्य ने करते हुए आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजू पाठक, गिरिजेश मिश्रा, लकी साहू, कमलेश पाल, किशन जायसवाल, सचिन निषाद, सुधीर कुशवाहा, प्यारेलाल जायसवाल, परमानंद वर्मा, अजय कुमार जायसवाल, मनोज साहू, आलोक कुमार, कमलेश कुमार, विनय जायसवाल, विकास प्रजापति, रामबाबू वर्मा, अभिषेक साहू, अभिषेक निषाद, नवीन जायसवाल, सोहन निषाद, अरविंद वर्मा, छोटे सिंह चंदेल, शिव निषाद, कुलवंत विष्णु साहू, लवकुश दीपक आदि उपस्थित रहे।

अशिक्षा से उपजा अहंकार समाज के लिए घातक : प्रमोद तिवारी

❑ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पं. रामअंजोर मिश्र की समारोहपूर्वक मनी जयंती

प्रतापगढ़ (संवाददाता)। स्थानीय राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज मे शुक्रवार को आधा दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थानों के संस्थापक एवं पूर्व विधायक पं. राम अंजोर मिश्र की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। समारोह का शुभारंभ सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने पं. रामअंजोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद के बैनरतले छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। बतौर मुख्यअतिथि सीडब्ल्यूसी मेंबर एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा के जरिए अशिक्षा से उपजे अहंकार को मिटाकर ही भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल हो सकता है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि अशिक्षा का अहंकार विकास को बाधित करते हुए पीढ़ी को विनाश की पीड़ा का बोझ दिया करता है। इण्टर कालेज के विशाल प्रांगण मे बडी संख्या मे मौजूद अभिवावकों एवं शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि वह और क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना लालगंज को शिक्षा के हब की निरंतर मजबूती देते हुए यहां स्वास्थ्य तथा पेयजल व सड़क संसाधन के मॉडल विकास को सदैव ऊंचाईयां प्रदान करते रहेंगे।

श्री तिवारी ने पं. राम अंजोर मिश्र के बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र मे गौरवशाली स्थान दिलाने की दूरदर्शी चिंतन की भी सराहना की। उन्होनें पण्डित जी द्वारा संचालित बहुगुणा पीजी कालेज, कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज, पुनीत इण्टर कालेज तथा बीडी दुबे इण्टर कालेज समेत तकनीकी संस्थानों के लिए मजबूत संसाधन उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिलाया। समारोह मे विद्यालय की छात्राओं के द्वारा डांडिया नृत्य, लोकगीत, कौव्वाली तथा मंहगाई पर केन्द्रित हास्य व्यंग की प्रस्तुति देख अभिवावक व अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे। मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी ने इन मेधा कलाकारों का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। बहुगुणा पीजी कालेज के प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र एवं पहाड़पुर प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय तथा कमला नेहरू की प्रधानाचार्या गीता त्रिपाठी एवं पुनीत इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य बीएन तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रमोद तिवारी तथा उमेश द्विवेदी एवं आईएएस योगेश मिश्र, प्रमुख अमित प्रताप सिंह, साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ईओ सुभाषचंद्र सिंह को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह देकर पं. राम अंजोर मिश्र स्मृति सम्मान से नवाजा।

आधा दर्जन के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस, तमंचे समेत धराया एक आरोपी

प्रतापगढ जिला संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा फायरिंग व दहशतगर्दी का केस दर्ज किया है। दरोगा जयकिशुन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती इक्कीस अक्टूबर को पूरे जनई निवासी सुकेश तथा अनिल सरोज व आशीष सरोज, हरिकेश, बचन सरोज ने नशे मे टल्ली होकर गांव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़कर असलहे का अवैध प्रदर्शन किया। आरोपियो के प्रदर्शन से लोगों मे दहशत व अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ तीन नवंबर को गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। पकडे गये आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा तथा कारतूस भी बरामद किया है। कोतवाली के रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज विनीत उपाध्याय ने शुक्रवार की सुबह पूरे जनई गांव के आरोपी शिवकेश उर्फ सुकेश पुत्र छोटेलाल को मुखबिरी सूचना पर धर दबोचा।

ईश्वर शरण में 24 दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी ओरिएंटेशन कार्यक्रम

प्रयागराज, (संवाददाता)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के संगठक महाविद्यालय ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में स्थापित भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत संकाय विकास केंद्र द्वारा चौबीस दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पंद्रहवें दिन के प्रथम सत्र में वक्ता के रूप में प्रो जय सिंह, भारतीय और विश्व साहित्य विभाग, हैदराबाद ने वर्तमान साइबर तकनीक के युग में साहित्य के विभिन्न आयामों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। वक्ता प्रो धनंजय सिंह, चेयर पर्सन अंग्रेजी अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने भाषा के दर्शन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने शब्द, अर्थ, तत्व के सम्बंध के बारे में बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रो शबीना ओमार, अंग्रेजी विभाग, जगदीश चन्द्र बोस कॉलेज, पश्चिम बंगाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें किस प्रकार वर्तमान कक्षा और डिजिटल शिक्षण के मध्य सम्बंध बनाने की आवश्कता है साथ ही साथ उन्होंने ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर भी विस्तार से चर्चा की।

डॉ मनोज कुमार दुबे ने बताया कि इस ऑनलाइन फैकल्टी ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जूम एप के माध्यम से भारत के दस प्रांतों के लगभग 50 शिक्षक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। संचालन अभिविन्यास कार्यक्रम के सह-समन्वयक डॉ उदय प्रताप सिंह एवं वक्ताओं का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की समन्वयिका डॉ. अमिता पांडे ने किया।

ब्लॉक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता को लेकर बीडीओ ने प्रधानो के साथ की बैठक

सांसद ट्रॉफी खेलकूद प्रतियोगिता में 20 तक कराये रजिस्ट्रेशन-बीडीओ

कौशाम्बी, (संवाददाता)। विकास खण्ड कड़ा के ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ब्लॉक स्तर की होने वाली प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक क्षेत्र के प्रत्येक गांव से प्रतियोगिता हेतु टीम चयनित कर अन्य आवश्यक निर्देश दिए। विकास खण्ड कड़ा के ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर बताया कि सांसद ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक ब्लॉक स्तर पर कड़ा के राजकीय बालिका इंटर कालेज के सामने फसैय्या मैदान में आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में क्रिकेट , बॉलीबाल , कबड्डी व दौड़ आदि की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमे प्रत्येक गांव से इन खेलों में से चयनित टीम प्रतिभाग करेगी । प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ब्लॉक के बीओ के पास 15 नवम्बर से 20 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते है । इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने प्रतियोगिता से सम्बंधित अन्य जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में एडीओ पंचायत रामसिंह यादव, एपीओ पंकज कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, वीरेंद्र यादव, कमलेश निषाद, रामनरेश पटेल, लवकुश निर्मल, दिलशाद अहमद, गुलाम मुस्तफा, भरतलाल भट्ट, राकेश मौर्य, मो अवैश, विपीन पाल सहित दर्जनों प्रधान व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

पूरनचन्द्र बने ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष

कौशाम्बी, (संवाददाता)। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की बैठक मूरतगंज ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई जिसमें हुए संघ द्वारा विभिन्न पदों के लिए हुए चुनाव में आयोजित कर नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। मूरतगंज ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की बैठक में कृष्ण स्वरूप झा की अध्यक्षता में संघ के नए कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव अधिकारी जितेंद्र शुक्ला की देखरेख में चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी पूरनचन्द्र को सर्वसम्मति से संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान संघ के नवागत जिलाध्यक्ष पूरनचन्द्र ने संघ के लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की एकता बनाये रखना प्राथमिकता होगी साथ ही संघ के हर व्यक्ति के सुख दुख में हरदम खड़ा रहूँगा। संघ का वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र मौर्य , कोषाध्यक्ष रविकांत सिंह , कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग सिंह , मंत्री राहुल सिंह , संगठन मंत्री रविप्रकाश , संयुक्त मंत्री मुकेश गुप्ता , प्रांतीय प्रतिनिधि रामभवन , संप्रेक्षक , नीलू कैथराज , मीडिया प्रभारी आदित्य सिंह व संरक्षक कृष्ण स्वरूप झा को चुना गया।

सांगीपुर घटना मे एसआईटी ने हटाई एफआईआर से धारा 307

प्रतापगढ़ (संवाददाता)। सांगीपुर ब्लाक मे हुए गरीब कल्याण मेले के दौरान कांग्रेसियो तथा भाजपाईयों के बीच हुए बवेले मे जेल गये एक और आरोपी को कोर्ट से जमानत मिलने पर रिहाई मिल गयी। वहीं घटना को लेकर सांसद संगमलाल गुप्ता समेत भाजपा कार्यकर्ताओं व सांसद के गनर के द्वारा दर्ज करायी गई एफआईआर मे से एसआईटी जांच को धारा तीन सौ सात एवं दो सौ छियासी तथा एससीएसटी एक्ट का तथ्य न मिलने पर मुकदमें से इन धाराओं को हटा दिया गया है। घटना मे दर्ज एक एफआईआर मे नामजद आरोपी उदयपुर थाना के कुम्भीआइमा निवासी प्रभात ओझा को कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट मे पुलिस द्वारा भेजी गई रिर्पोट मे सांगीपुर की घटना मे जानलेवा हमले के तहत धारा तीन सौ सात व तीन सौ आठ के साथ दहशत तथा दलित उत्पीड़न का तथ्य नही मिल सका है। वहीं सांसद संगमलाल गुप्ता के सुरक्षाकर्मी सुनील कुमार द्वारा लिखाई गई एफआईआर मे एससीएसटी का भी सबूत नही मिल सका। आरक्षी सुनील कुमार का अनुसूचित जाति के वर्ग से बाहर होने के कारण घटना मे दलित उत्पीडन की गुंजाइश भी नही रह गयी।

ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे मेडल पाकर नौनिहालों के खिले चेहरे, बालक व बालिकाओं का स्पर्धा मे दिखा रोमांचक दबदबा

प्रतापगढ़ (संवाददाता)। नगर मे ब्लाक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता मे नौनिहालों ने खेल स्पर्धा के रोमांचक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को गुरूवार की शाम समारोहपूर्वक मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर नौनिहालों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। क्रीडा प्रतियोगिता मे उच्च प्राथमिक स्तरीय बालक प्रतियोगिता मे कबडडी मे गोडवा विजेता तथा तिलकराम उप विजेता रही। खो-खो मे केशवपुर प्रथम व गौखाडी को द्वितीय स्थान मिला। वहीं बालिका वर्ग मे हुई कबडडी मे प्राथमिक विद्यालय केशवपुर विजेता तथा समापुर उप विजेता तथा खो खो मे केशवपुर को प्रथम तथा समापुर को द्वितीय स्थान मिला। प्राथमिक स्तरीय बालक वर्ग के कबडडी मे मदनगढ़ को प्रथम तथा बरीबोझ की टीम को द्वितीय व बालिका वर्ग मे कबडडी मे भवराम बोझी को प्रथम एवं लखनसेनपुर को द्वितीय व खो खो मे असरही को प्रथम तथा मदनगढ़ को द्वितीय स्थान मिला। गोला फेंक मे उच्च प्राथमिक स्तरीय बालिका वर्ग मे पूरे तिलकराम की कोमल प्रथम व केशवपुर की प्रिया द्वितीय तथा समापुर की सलोनी तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक स्तरीय बालिका वर्ग मे पचास मीटर दौड मे लखनसेनपुर की रूपांशी, सौ मीटर दौड मे तारापुर की रिया शर्मा व दो सौ मीटर की दौड मे तारापुर की खुशी सरोज को प्रथम स्थान हासिल हुआ। प्राथमिक स्तरीय बालक वर्ग मे सौ मीटर दौड मे खालसा सादात के धीरेंद्र सरोज प्रथम तथा दो सौ मीटर दौड मे खालसा के धीरेंद्र को प्रथम स्थान मिला। वहीं चार सौ मीटर दौड मे केशवपुर के अंकित गौतम तथा आठ सौ मीटर दौड मे भी अंकित गौतम को प्रथम स्थान मिला। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने किया। समापन समारोह मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी रिजवान अहमद व संचालन शिक्षक जयप्रकाश पाण्डेय ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री संतोष कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण मे पठन-पाठन तथा खेल के क्षेत्र मे ब्लाक के शिक्षकों के अथक योगदान पर प्रकाश डाला।

कलाकार कुंभ का आयोजन 14 नवम्बर को

प्रयागराज, (संवाददाता)। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ महानगर के तत्वावधान में 14 नवम्बर को रामबाग स्थित सेवा समिति गार्डन के प्रांगण में सुबह 11 बजे कलाकार कुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश विदेश के प्रख्यात कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी करेंगे एवं संयोजक तीरथराज पांडेय होंगे। इस आयोजन की मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल एवं अति विशिष्ट अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र कुमार सिंह गौर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी.के सिंह, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, विधायक नीलम उदय भान करवरिया, हर्षवर्धन बाजपेई एवं भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संयोजक चंदन दास गुप्ता एवं क्षेत्रीय संयोजिका डॉ आभा मधुर होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोरी समाज को एकजुटता का पढ़ाया पाठ

✓ कोरी समाज का सम्मान समाजवादी पार्टी में सुरक्षितः खेमचंद ✓ सपा के मिशन 2022 को सफल बनाने में समाज निभाएगा अहम भूमिका

कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बुके भेंटकर स्वागत करते लोग

फतेहपुर, (संवाददाता)। कोरी समाज की बैठक शहर के मुराइन टोला स्थित वीरांगना झलकारी बाई सामुदायिक भवन में आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी एससी/एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचन्द्र कोली ने शिकरत करते हुए कोरी समाज के लोगों को समाजवादी पार्टी से जुड़ने व 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीएम बनाने का आह्वान किया।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी द्वारा मिशन 2022 के तहत चलाये जा के रहे सदस्यता अभियान के तहत जनपद में कोरी समाज को सपा से जोड़ने के लिये जनपद पहुँचे एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी खेमचंद कोली का पूर्व ब्लाक प्रमुख तेलियानी प्रतिनिधि व सदर विधानसभा क्षेत्र से दावेदार व राजू साहू के नेतृत्व मे फूल माला पहनाकर बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात संगठन कि बैठक को सम्बोधित करते हुए खेमचंद कोली ने कहा कि समाज के सबसे दबे कुचले वंचित एव शोषित तबके से आने वाले कोरी समाज को सभी राजनैतिक दलों द्वारा हमेशा ठगने का कार्य किया गया है। समाज को बराबरी का दर्जा दिलाए जाने के लिये उनके द्वारा काफी संघर्ष किया गया। कोरी समाज को समाजवादी पार्टी ने हमेशा सम्मान दिलाने का काम किया है। उनके द्वारा प्रदेश के जनपदों का दौरा कर समाज के लोगो को सपा से जोड़ने के लिये मुहिम शुरू की गयी है।

जिसके तहत वह प्रदेश के सभी जनपदों में जाकर समाज के लोगों को जागरूक कर सपा से जोड़ने का काम करेंगे। उंन्होने समाज के लोगो से अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाकर समाज के ऊंचे पायदान पर स्थापित किये जाने का आह्वान किया। साथ ही सामाजिक स्थिति मंज़बूत करने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़ने की बात कही। उंन्होने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार दबे कुचले सोशित वंचित एससी एसटी समाज का आज भी शोषण जारी है। सरकारी आस्थाओं में आरक्षित वर्ग के पदों को भरने में देरी कर समाज के लोगो को कमज़ोर किये जा रहा है। उंन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान पिछड़ी जातियों व एससी एसटी वर्ग को उनका अधिकार दिलाने का कार्य किया गया था। समाज को शासन की योजनाओ का लाभ दिलाये जाने के साथ ही उन्हें समाजिक रूप से संरक्षित व आगे बढाने का कार्य किया गया था। उंन्होने कहा कि वर्तमान सरकार के दौरान प्रदेश का विकास रुका हुआ है। एक बार फिर से प्रदेश का विकास कराने के लिये समाज के लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का सीएम बनायंगे।

इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, जिला पंचायत सदस्य गिरीश कोरी, रामलाल, सूर्यबली, कन्हैय्या लाल, संतराम, विजयपाल, सुनील कुमार, राजेश कुमार, मोतीलाल, अमर सिंह, राजेश कुमार, सुखलाल, राम औतार आदि रहे।

सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

फतेहपुर, (संवाददाता)। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय खालिस के समीप शुक्रवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 60 वर्षीय वृद्ध महिला घायल हो गयी जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाने के सरांय खालिस गांव निवासी स्व0 झूरी की पत्नी तेजिया आज सुबह लगभग 9 बजे खेत से घर वापस आ रही थी जब वह सड़क पार करने लगी। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

किसानों को खाद, बीज न मिला तो जिला प्रशासन का होगा घेराव

❑ भाकियू लोक शक्ति की बैठक में कृषि कानूनों का किया विरोध ❑ नए लोगों को बांटे पद, किया स्वागत

फतेहपुर, (संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि यदि समय से किसानों को खाद, बीज न मिला तो संगठन जिला प्रशासन का घेराव करेगा। बैठक में नए कृषि कानूनों का विरोध भी किया गया। कुछ नए चेहरों को संगठन में पदाधिकारी बनाकर उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत भी किया।

नहर कालोनी प्रांगण में यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ-साथ किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को आ रही खाद, बीज की समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की। सरकार को आगाह किया कि अगर किसानों को सही समय पर खाद, बीज, पानी व बिजली उपलब्ध नहीं कराया तो संगठन

प्रशासन का घेराव करेगा। बैठक में काले कानूनों का विरोध जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक केन्द्र सरकार इन कानूनों को वापस नहीं लेती तब तक इसका विरोध जारीरहेगा। आगामी 22 नवंबर को संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की जनपद इकाई के पदाधिकारी लखनऊ पहुंचकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में आशीष कुमार को युवा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। ऊषा गुप्ता को जिला सचिव महिला सभा, पूनम तिवारी को बिंदकी विधानसभा अध्यक्ष, सुनैना विश्वकर्मा को बिंदकी विधानसभा का उपाध्यक्ष महिला सभा, किरन पांडेय को नगर अध्यक्ष महिला सभा, विमला तिवारी को बिंदकी विधानसभा का महासचिव नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रीती सिंह, पुष्पेन्द्र यादव एडवोकेट, संतलाल पटेल एडवोकेट, नरेश गुप्ता, अमित मौर्या, हाकिम पटेल, राम विशाल, डा. फक्रीरे लाल, भानु प्रताप, गुड्डु मौर्य, आकाश चक्रवर्ती, हरीश चंद्र पटेल मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए पोषण का रखें ध्यानः डा. जोया

सीआरएम दल के साथ जिला ब्रीफिंग स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डा. जोया

फतेहपुर, (संवाददाता)। शुक्रवार विकास भवन सभागार में सीआरएम दल के साथ जिला ब्रीफिंग स्वास्थ्य विभाग सम्बंधित बैठक डॉ0 जोया अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बिन्दुवार समीक्षा किया। नागरिक के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आपसी समन्वय बनाकर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी और स्वास्थ्य मजबूत करने के लिए सीआरएम दल ने अमूल सुक्षाव दिए। गर्भवती महिलाओं/धात्री महिलाओं, किशोरियो, नवजात शिशुओं के लिए पोषण का विशेष रूप ध्यान दिया जाय और नियमित रूप से टीकाकरण तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए। स्वास्थ्य पर होने वाले बजट की भी जानकारी ली और कहा कि नियमानुसार ही व्यय किया जाए। दस्तक व संचारी अभियान में सतत निगरानी बनाए रखें। 102, 108 एम्बुलेंस की सुविधाएं दी जा रही है उनकी स्थिति के बारे में जाना। प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना के लाभार्थियों को सम्बद्ध हॉस्पिटल बारे मे जागरूक करें। कोविड-19 के टीकाकरण के लिए जागरूक करते हुए टीकाकरण का प्रतिशत बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार सिंह, डॉ0 अग्रिमा रैना, सुमंताकर, डॉ एबी सिंह, डॉ0 सरवन साई कुमार, डॉ लक्ष्मण, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला/पुरूष कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गण सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहे।

समितियों व इफ्को एग्रो के बाहर खाद के लिए लगी किसानों की लाइन

धाता/फतेहपुर, (संवाददाता)। कस्बा स्थित एग्रो व समितियों में खाद आने की सूचना पर किसान खाना-पीना छोड़कर सुबह से ही समितियों व इफ्को एग्रो के बाहर लाइन में लग गए। नौ बजे ज्यादातर समितियों में किसानों की भीड़ देखी गई। पहले खाद लेने के चक्कर में किसान लगे रहे। आलू और गेहूं की बुआई में किसानों को डीएपी की जरूरत है। शुक्रवार को 2255 मीट्रिक टन इफ्को की डीएपी आई, जिसमें 40 सहकारी समितियों और 60 अन्य केंद्रों में खाद भेजी गई। डीएपी खाद आने की सूचना मिलते शुक्रवार सुबह ही किसान एग्रो में पहुंच गए। समिति के सचिवों ने किसानों ने आधार कार्ड व खाद का रुपया जमा कराया। इसके बाद एक बोरी से तीन बोरी तक किसानों को डीएपी दी गई। किसान सेवा सहकारी समिति में किसानों से आधार कार्ड व खतौनी देखकर डीएपी दी गई। बाई पास स्थित एग्रो में खाद के लिए सुबह से शाम तक किसान लाइन लगाए रहे।

मांगों को लेकर महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने भरी हुंकार

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री को भेजा बारह सूत्रीय ज्ञापन

नहर कालोनी में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

फतेहपुर, (संवाददाता)। काफी समय से लंबित चल रही मांगों को लेकर एक बार फिर महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने हुंकार भरी। धरने में अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए पूरा किए जाने की मांग की। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री स्वाती सिंह को ज्ञापन भेजा।

नहर कालोनी प्रांगण में शुक्रवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष सुनंदा तिवारी की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं ने धरना दिया। धरने को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए पूरा किए जाने की मांग की। धरने के दौरान महिलाओं में गुस्सा साफझलक रहा था। तत्पश्चात नारेबाजी करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाएं कलेक्ट्रेट आयीं। जहां बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री को संबोधित बारह सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर बिना पेंशन/ग्रेच्युटी व सामाजिक सुरक्षा के जबरन सेवानिवृत्त की गई महिलाओं को पुनः वापस लिए जाने, कोर्ट में पीआईएल लंबित होने तक नई नियुक्ति न किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को पंद्रह हजार व मिनी आंगनबाड़ी को दस हजार सहायिका का मानदेय प्रदान किए जाने, ड्यूटी के दौरान मृत आंगनबाड़ी कर्मियों को दस लाख का मुआवजा दिए जाने व परिवार के सदस्य की सीधी भर्ती किए जाने, केन्द्र किराए का भुगतान प्रतिमाह आंगनबाड़ी कार्यकत्री को उपलब्ध कराए जाने, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्र में बदलकर कार्यकत्रियों के बराबर ही मानदेय दिए जाने, गर्मी व सर्दी में पन्द्रह-पन्द्रह दिन का अवकाश दिए जाने, प्री प्राइमरी की ट्रेनिंग लेने वाली वर्कर को प्री प्राइमरी अध्यापक का दर्जा दिए जाने, पोषाहार वितरण में स्वयं सहायता समूह की संबद्धता समाप्त किए जाने सहित अन्य मांगे उठाई। इस मौके पर इन्द्रा कुमारी, ममता मिश्रा, संगीता द्विवेदी, रेखा तिवारी, सरवर जहां, नितिन सिंह, सरोज द्विवेदी, नीलम वर्मा, अखिलेश कुमारी, रूशमा सिंह, शोभा दीक्षित, उमा तिवारी, मीना देवी, मंजू देवी, अरूणा मिश्रा, मधू सिंह, विनोदनी, सुनीता सिंह, अमिता गौर, फिरदौस बेगम, सरिता श्रीवास्तव, सरला गौतम, निर्मला देवी, सरोज द्विवेदी, सीमा सिंह, फूलमती, सन्नो देवी भी शामिल रहीं।

गांजा के साथ दो गिरफ्तार

फतेहपुर, (संवाददाता)। अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत गश्त के दौरान पुलिस ने दो लोगों को गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक मुकेश कुमार सिंह अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर सरवर आलम पुत्र मो0 सलीम निवासी एकारी थाना थरियांव को 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुए उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया है। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराईनटोला चौकी इचार्ज प्रवीण कुमार दुबे ने गश्त के दौरान धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 राम शरण सिंह निवासी कृष्ण बिहारी नगर वर्मा चौराहा को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है।

नगरूवा गन्ना खरीद केंद्र में पसरा सन्नाटा

❑ किसानों से कम दाम पर प्राईवेट भट्ठी संचालक ले रहे गन्ना
❑ सही समय पर किसानों को नहीं मिलता मूल्य

धाता/फतेहपुर, (संवाददाता)। क्षेत्र के स्थापित गन्ना क्रय केंद्र में अब तक खरीद शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में किसानों को अपना गन्ना सस्ते दामों में बेचना पड़ रहा है। जिससे उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि हर साल उन्हें क्रय केंद्र की अव्यवस्था झेलनी पड़ती है। किसान मजबूरी में कम दाम में फसल भट्टी संचालकों को बेच देते हैं।

नगरूवा, शुकुलपुर, अढौली, ऐमापुर, तक्कीपुर में किसानों का गन्ना खरीदने के लिए कांटे लगाए जाते हैं। इस सप्ताह अभी तक खरीद के लिए केंद्र नहीं खुले हैं इसलिए यहां काटे नहीं लगे हैं। किसानों के सामने गेहूं की बुआई का समय है तो गन्ने की औने पौने दाम में बेच कर खेत खाली करने में लगे हुए हैं। जिसमें उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। अढौली, सोनारी, चर्की, ऐमापुर, रमपुरवा, भीमपुर, नगदिनपुर, खखरेरू में भट्ठी संचालक हैं जो यह फसल खो कम दाम में किसानों से ले रहे हैं। प्राइवेट गुड़ भट्ठी संचालक अधिकतम 280 प्रति कुंटल का दाम देते हैं जबकि सरकारी रेट 350 प्रति कुंटल का है। 15 दिन पहले का केंद्र खोलने के लिए टेंट तो लगाया गया है लेकिन तौल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव का एक व्यक्ति टेंट की सुरक्षा के लिए जरूर तैनात किया गया है। क्षेत्र के गब्बर सिंह, गौरव सिंह, रोहित उपाध्याय, राजेश सिंह, छोटू सिंह, रोहन सिंह, विपिन सिंह आदि ने डीएम से खरीद शुरू कराने की मांग की है। गन्ना अधिकारी आरजी वर्मा का कहना है कि अभी माप तौल विभाग से आदेश नहीं मिल पाया है। 17 नवंबर को वरिष्ठ निरीक्षक द्वारा कांटे व बटखरे का सार्टिफिक्रेशन हो जाएगा तो 19 नवबंर को सभी कांटे सुचारू रूप से चलू किए जाएंगे।

वीडियो काफ्रेसिंग में मतदाताओं को जागरूक करने के मिले निर्देश

कोविड-19 को ध्यान में रखकर अधिकारियों को किया जाए तैनात

फतेहपुर, (संवाददाता)। उप निर्वाचन आयुक्त चंद्रभूषण कुमार ने जिले के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग की। जिसमें उन्होने मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के जरिए जागरूक करने के जहां निर्देश दिए वहीं कोविड-19 को ध्यान में रखकर अधिकारियों को तैनात किए जाने की बात कही। वीडियो कांफ्रेसिंग में उप निर्वाचन आयुक्त ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि जनपद में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसमे पुरुष, महिला मतदाताओं की संख्या 1874554 है। मतदान केंद्रों की संख्या 1400, मतदेय स्थल 2235, जिसमे सुपरवाइजरों की संख्या 215 और ईपी रेशियो 62.68 है। उन्होंने बताया कि बिहार प्रान्त से एम-3 मॉडल के ईवीएम में

वीडियो कांफ्रेसिंग में भाग लेतीं डीएम व अन्य

वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट प्राप्त हो गए है। निर्देशानुसार ईवीएम/वीवीपैट की एफएलसी का कार्य चल रहा है। कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है, जिसका नंबर-1950 है। उप निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिए कि जेंडर रेशियो पर प्लान बनाकर फोकस किया जाए। तभी मतदाता रेशियो बढेगा। जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाए और कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार अधिकारियों को तैनात किया जाए। राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर व ट्रेनिंग के प्लान अभी बना ले। ताकि समय आने पर कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, स्वीप प्रभारी/जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

छत ढही, युवती की दबकर मौत

फतेहपुर, (संवाददाता)। चॉदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजनापुर गोधना में कच्ची छत ढह जाने से 20 वर्षीय युवती की मलबे में दबकर मौत को गई। जानकारी के अनुसार अजनापुर गोधना गांव निवासी स्व0 सुरेन्द्र रैदास की पुत्र प्रियंका देवी घर पर अकेली थी जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेतों में काम करने चले गये इसी दौरान घर की कच्ची छत अचानक भर भराकर ढह गई जिसके मलबे के नीचे प्रियंका दब गई। पास पड़ोस के लोगों ने जल्दी जल्दी मलबा हटाया और मलबे में दबी युवती को बाहर निकाल इलाज के लिए अस्पताल ला रहे थे।

26 पर शांति भंग की कार्रवाई

फतेहपुर, (संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर चलाये गये अभियान के तहत अलग-अलग थानों की पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्यवाही की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवा थानाध्यक्ष दो, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी चार, कल्यानपुर छ, जाफरगंज दो, ललौली एक, गाजीपुर एक, हथगांम पॉच खागा कोतवाली प्रभारी दो, किशनपुर एक, खखरेरू एक तथा थरियांव थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

गंगा मशाल यात्रा की जिले में हुई अगवानी

एनसीसी कैडेटों ने पेश किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

गंगा मशाल यात्रा में शामिल मेजर एलएन जोशी व अन्य

फतेहपुर, (संवाददाता)। गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए शुरू की गई गंगा मशाल यात्रा की जिले में अगवानी हुई। भिटौरा घाट पहुंची यात्रा ने उपस्थित लोगों को जागरूक किया। एनसीसी कैडेटों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यह यात्रा स्वच्छता का संदेश देते हुए 26 नवंबर को पश्चिम बंगाल के बाक्खाली के पास समुद्र के किनारे समाप्त होगी। गंगा मशाल यात्रा का उद्घाटन तीन नवंबर को अशोका होटल नई दिल्ली से किया गया था। विभिन्न शहरों का भ्रमण करते हुए यात्रा जिले के भिटौरा घाट पहुंची। गंगा की मशाल 37 टीए रेजीमेंट के मेजर एलएन जोशी ने संभाल रखी है। 60 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा ने गंगा मशाल यात्रा की अगवानी की। तत्पश्चात यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। एनसीसी कैडेटों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, गंगा शपथ तथा गंगा आरती कार्यक्रम प्रमुख रहे। यात्रा में शामिल लोगों ने गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए उपस्थित लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में 97 कैडेट तथा 6 सैन्य अधिकारी एवं जिले के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता:अनिल

अपना दल एस की मासिक बैठक आयोजित

बैठक के बाद नवमनोनीत जिला महासचिव का स्वागत करते पार्टीजन

फतेहपुर, (संवाददाता)। अपना दल (एस) की मासिक बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल उमराव ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। पार्टी प्रदेश की दो सौ विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल उमराव ने की। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए। बैठक में संगठन मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष श्री उमराव ने कहा कि गांव-गांव जाकर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। पार्टी की नीतियों एवं रीतियों की जानकारी लेकर लोगों को जागरूक करें। उन्होने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा चुनाव की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी जाएं। उन्होने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों पर अमल करें। उन्होने बताया कि पार्टी प्रदेश की दो सौ विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। नवमनोनीत जिला महासचिव अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जाएगा। बैठक के बाद नवमनोनीत जिला महासचिव अमित तिवारी का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देशों का पालन करके प्रत्याशियों को जिताने का काम किया जाएगा। इस मौके पर राजू पटेल, उमेश विश्वकर्मा, लालमन पटेल, वीरेंद्र सिंह, निलेश चौरसिया, सुल्तान दादा, सुनील पटेल, विमल तिवारी, विनीत सिंह यादव, राघवेंद्र, मोनू, राजेंद्र मौर्या भी मौजूद रहे।

अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 व 18 को

फतेहपुर, (संवाददाता)। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त अंजनीश प्रताप सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में विश्कर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत पोर्टल पर ऑनलाइन किए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना है। उन्होने बताया कि हलवाई, नाई, लोहार, कुम्हार, राजमिस्त्री ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 नवंबर को 10.30 बजे पूर्वान्ह एवं दर्जी, बढई ट्रेड का साक्षात्कार 18 नवंबर को 10.30 बजे पूर्वान्ह जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र कार्यालय में होगा। इसलिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदित अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्रो के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

इलाज के दौरान घायल महिला की मौत

➲ मृतका के पुत्र ने चिकित्सक पर नशा कर गलत
➲ इंजेक्शन लगाने पर मॉ की मौत

फतेहपुर, (संवाददाता)। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगापुर के समीप गुरूवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 56 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे कस्बा के ही निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे थे। जिसकी उपचार दौरान मौत हो गयी। वहीं मृतका के पुत्रों ने चिकित्सक पर नशा का इजाल के दौरान गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बजरंगापुर गांव निवासी ठाकुरदीन की पत्नी मुरली देवी कल शाम लगभग 4 बजे जंगल से घर वापस आ रही थी तभी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बुरी तरह घायल हो गयी। वहीं परिजनों ने महिला को कस्बा के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पुत्र श्याम सिंह व होरी लाल ने बताया कि नर्सिंग होम के डाक्टर जो नशे में था और उसकी मॉ का इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 20 हजार रूपये पहले ले लिया था और 10 हजार रूपये ले लेने के बाद ही डॉक्टर ने मेरी मॉ के शव को हम लोगों को सौंपा है। पुत्रों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद वह डाक्टर के खिलाफथाने में तहरीर देंगे।

अनियंत्रित बाइक पुलिया से गिरी, युवक की मौत

फतेहपुर, (संवाददाता)। सदर कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी ब्लाक के समीप देर रात अनियंत्रित होकर बाइक पुलिया के नीचे जा गिरी जिससे 37 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी स्व0 कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव का पुत्र गिरजेश कुमार श्रीवास्तव देर रात मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से वापस आ रहे थे बताते है कि जब वह कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी ब्लाक के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक पुलिया के नीचे जा गिरी। जिससे मौके पर ही गिरजेश कुमार की मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

1050 बच्चों को बांटी नि:शुल्क होम्योपैथिक औषधि

फतेहपुर, (संवाददाता)। डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में यूथ आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने पंडित सूर्यपाल रमाशंकर राममूरत पांडेय निष्पक्ष देव विद्या मंदिर इंटर कालेज के 750 व श्री सूर्यपाल सिंह पटेल प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल रक्षपालपुर के 300 कुल 1050 बच्चों को कोरोना व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि का निःशुल्क वितरण किया।

डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु समझाया, क्योंकि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर हम बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। पीने के पानी को उबालकर पिएं, कही भी पानी इकट्ठा न होने दें क्योंकि रुके हुए पानी में मच्छरों का जन्म होता है। साथ ही सभी को जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक मुक्त भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए इकॉब्रिक्स बनाने हेतु जागरूक किया गया। सभी बच्चों को जल संरक्षण निवेदन पत्रक भी वितरित किया। कार्यक्रम समापन पर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने डॉ अनुराग को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सूर्यपाल सिंह पटेल जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य परमेन्द्र सिंह पटेल, अध्यापक अंकुश त्रिपाठी, आशीष कुमार, दीपक कुमार, प्रांशु पांडेय, दीपकमल, उमेश सिंह व प्रमुख सहयोगी वर्षा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

प्रशिक्षण में किसानों को विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

फतेहपुर, (संवाददाता)। धाता विकास खंड परिसर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय 50 कृषकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक उद्यान प्रयागराज मंडल प्रयागराज पंकज शुक्ला ने की। उन्होंने कृषकों को विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई पर-ड्रॉप-मोर-क्रॉप (माइक्रोइरीगेशन) योजनान्तर्गत ड्रिप/स्प्रिंकलर एवं सेमी परमानेंट सिचाई पद्धति की नवीनतम तकनीकी से खेती करने की जानकारी दी।

वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव डॉ0 नौशाद आलम ने फसलों में लगने वाले रोगों में किस प्रकार से कीटनाशक का प्रयोग किया जाएं इसके बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्र प्रभारी अखिलेश सिंह ने कृषकों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की उपयोगिता बताई। जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह यादव ने पानी की दिन-प्रतिदिन समस्या को देखते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया। नवीनतम तकनीक से खेती करने की जानकारी दी। योजना प्रभारी जैनेन्द्र कुमार ने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि ड्रिप, स्प्रिंकलर, रेनगन, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर एवं सेमी परमानेंट पद्धति से सिंचाई करने से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादकता दोनों में बढ़ोत्तरी होती है। खरपतवार में कमी आती है तथा ड्रिप से सिंचाई करने पर जल एवं उर्वरक की बचत होती है। इस अवसर पर डा0 देवेन्द्र स्वरूप, विकास खंड प्रभारी ऐराया, विजयीपुर, धाता एवं प्रगतिशील कृषक जितेन्द्र सिंह ग्राम कालूपुरा बसवा धाता, सतेंद्र सिंह ग्राम जाम एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

संपादकीय

कंगना ने शर्मिंदा किया

कचरा जानकारी की अदाकारा साबित होती कंगना रनौत ने अंततः देश की आजादी के इतिहास पर ही थूकने की हिमाकत कर डाली। एक टीवी कार्यक्रम में वह देश की आजादी के संघर्ष को झुठलाते हुए यहां तक कह देती हैं कि यह भीख में मांगी गई आजादी है, जबकि असली स्वाधीनता 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर हासिल हुई है। हिमाचल से संबंध रखने वाली यह अभिनेत्री जब ऐसा कर्कश बयान दे रही होती है, तो उसी दौरान नूरपुर में वजीर राम सिंह पठानिया की पुण्यतिथि पर हम उस महान शख्सियत को आदरांजलि दे रहे होते हैं। आश्चर्य यह कि देश कंगना के बड़बोलेपन को कानों में रुई डाल कर बर्दाश्त कर रहा है, जबकि आजाद भारत की मिट्टी का कण-कण आज भी अपने स्वतंत्रता सेनानियों का कर्जदार है। हिमाचल से आजाद हिंद फौज में शरीक हुए सैकड़ों लोगों के लिए यह बयान अति निंदनीय हो जाता है। बयान में उठी तारीफ का सत्य उसके भीतर की विचारधारा को परिमार्जित कर सकता है या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबी है कि कोई भी सिरफिरा टिप्पणी कर दे, लेकिन 'पद्मश्री' की बांसुरी बजाने के माहौल में अगर कोई ठुमका देश को ही शर्मिंदा कर दे, तो यह राष्ट्रीय सम्मान की भी तौहीन है। यह हिमाचल की पृष्ठभूमि, उन तमाम शहीद स्मारकों तथा उस इतिहास के प्रति अपमान है जो मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम प्रथम परमवीर चक्र अलंकृत करता है। राष्ट्रीय आजादी का इतिहास न भी पढ़ा हो, लेकिन भारतीय परिवेश में बच्चों की परवरिश के साथ ये पल जोड़े जाते हैं। देशभक्ति के गीत और नायकों की परिभाषा में भारतीय अवलोकन तब तक पूरा नहीं होता, जब तक हर गांव और शहर अपने आजादी के परवानों को याद नहीं करता। वे तमाम योद्धा जो फांसी पर चढ़े या जो कभी जलियांवाला बाग के नरसंहार में दर्ज हुए, उनकी चिताओं से आज भी आजादी के नारों की अनुगूंज सुनाई देती है। कंगना एक अच्छी अदाकारा हो सकती है, लेकिन उसकी प्रसिद्धि की कीमत हमारी आजादी का इतिहास नहीं चुका सकता। अगर वह बालीवुड की फिल्मों को ही कायदे से देख व समझ ले, तो मालूम हो जाएगा कि शहीद भगत सिंह, ऊधम सिंह व सैकड़ों अन्य नायकों पर बनी फिल्में क्या कहती हैं। वह अपने गांव या परिवार से ही पैतृक इतिहास पता कर लेती, तो मालूम हो जाता कि आजादी की लौ हर घर में किस जिद्दत से जली थी और हिमाचल से ही पैदा हुए क्रांतिकारी बाबा कांशी राम या यशपाल का क्या योगदान रहा। विडंबना यह है कि देश का इतिहास वे बदलना चाहते हैं, जिनके पास अध्ययन व शोध की कोई जगह नहीं। अपमान और सम्मान में अब यह अंतर है कि जिन्हें किसी अभिप्राय या हक के सम्मान मिल रहा है, वे इसकी कीमत से किसी न किसी का अपमान करके धन्य होना चाहते हैं।

क्या हिंदुत्व आतंकी है?

स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि हिंदू धर्म सहिष्णु, स्नेहशील, उदार और समावेशी है। यह आध्यात्मिक विचार कई साधु-संतों ने भी दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भी मान्यता थी कि हिंदुत्व सचमुच बहुत विशाल है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कालखंडों का भी अध्ययन कर लिया जाए कि उनकी सोच क्या थी? हिंदू धर्म एक जीवन-शैली है और हिंदुत्व उसकी विचारधारा है। दोनों परस्पर पूरक और पर्याय हैं। हिंदुत्व भाजपा और संघ परिवार की ही बपौती नहीं है और न ही हिंदुत्व सनातन धर्म की परंपराओं और विचार को हाशिए पर ठेल सकता है। धर्म के संदर्भ में शैतान और असुरों का उल्लेख भी होता रहा है, लेकिन किसी अधर्मी और दैत्य ने धर्म की तुलना आसुरी वृत्तियों से नहीं की है। अलबत्ता आज हिंदुत्व को आईएसआईएस और नाइजीरिया के बोको हराम सरीखे दुर्दान्त आतंकी संगठनों के समकक्ष स्थापित करने की कोशिश जरूर की गई है। भारत के 100 करोड़ से अधिक और दुनिया के असंख्य हिंदू विचारकों और मतावलंबियों के गाल पर तमाचा मारा गया है। एक आध्यात्मिक प्राणी और एक क्रूर, बर्बर, हत्यारे पक्ष की तुलना कैसे की जा सकती है? सलमान खुर्शीद और कांग्रेस के कुछ बौने, विचारहीन प्रवक्ता कुतर्क कर सकते हैं, लेकिन वे भी जानते हैं कि हिंदू धर्म और हिंदुत्व संघ परिवार तक ही सीमित नहीं हैं। गुरु गोलवलकर और नाथूराम गोडसे कमोबेश हिंदुत्व के पर्याय नहीं हैं। वे ही हिंदुत्व के अधिकृत विचारक और प्रवक्ता नहीं हैं, लिहाजा उनके आधार पर ही हिंदुत्व की व्याख्या करना अनुचित है। सलमान भारत सरकार में कानून और विदेश मंत्री के संवैधानिक पदों पर रहे हैं। जाहिर है कि सांसद भी रहे हैं। वह भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम वकीलों में से एक हैं, लिहाजा उन्हें अपनी राष्ट्रीय पहचान का एहसास होना चाहिए। सलमान खुर्शीद ने अयोध्या मुद्दे पर एक किताब लिखी है। बेहतर होता कि वह संविधान पीठ के ऐतिहासिक फैसले की समीक्षा करते, अयोध्या की विराट और दैवीय पृष्ठभूमि के प्राचीन इतिहास को खंगालते, अयोध्या विवाद पर छिड़े तमाम आंदोलनों का विश्लेषण करते। हिंदुत्व बनाम बोको हराम तक पहुंचने की शैतानी मानसिकता ने उनसे सब कुछ छीन लिया। किताब की बिक्री बढ़ गई होगी, लेकिन इस विवाद से न तो उन्हें और न ही कांग्रेस पार्टी को कोई राजनीतिक फायदा होने वाला है। यह कैसा विरोधाभास है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इस बवाल पर खामोश हैं, पार्टी के वरिष्ठ नेता हिंदू और हिंदुत्व को कलंकित करने में संलग्न हैं और दो आलाकमानी नेता मंदिर-मंदिर घूमकर पूजा-पाठ कर रहे हैं, ताकि भगवान उन्हें आशीर्वाद दें! कौन हिंदू अब इन्हें वोट देगा? क्या सलमान, चिदंबरम, दिग्विजय या पार्टी के बेचारे प्रवक्ता एक भी उदाहरण दे सकते हैं कि हिंदुत्व ने बच्चों को मानव-बम बनाया है? फिदायीन पैदा किए हैं और आतंकी हमले कर मानवता को ही खत्म करने की कोशिश की है?

विमुद्रीकरण : पांच साल की गफलत

विमुद्रीकरण एक अनुचित कदम था जिसने अपने किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया, यहां तक कि गोल पोस्ट को स्थानांतरित करने पर भी नहीं। विमुद्रीकरण देश के लिए एक नीति प्रेरित संकट लाया

पांच साल पहले 8 नवंबर 2016 को ऊंचे मूल्य के नोटों के विमुद्रीकरण ने नागरिकों के कुछ महीनों को एक दुस्वप्न में बदल दिया था। यह स्थिति 30 दिसंबर 2016 के बाद भी बनी रही, जो पुराने नोटों को जमा करने और उन्हें नए नोटों में बदलने की अंतिम तिथि थी। महीनों तक आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित रहीं। नई मुद्रा प्राप्त करने के लिए बैंकों और एटीएम के बाहर लंबी कतारें देखी गईं, ताकि जीवन और जीविका चलते रहें। सत्ताधारी दल ने जिसे मास्टर स्ट्रोक समझा था, वह एक आफत बन गया। दोषपूर्ण तर्क : अचानक हुए विमुद्रीकरण का आधार यह विचार था कि 'काले का अर्थ नकद' है और यह काला धन ऊंचे मूल्यवर्ग के करेंसी नोटों में पाया जाएगा।

इसलिए यदि ऊंचे मूल्य के नोटों को अचानक अवैध घोषित किया जाता है तो अमीरों का काला धन शून्य और अमान्य हो जाएगा। विमुद्रीकरण की घोषणा से ठीक पहले 18 लाख करोड़ रुपए की मुद्रा प्रचलन में थी। बड़े मूल्यवर्ग की मुद्रा, 1000 और 500 रुपए के नोट, इसका 85 फीसदी हिस्सा थे। कुछ कार्यों, जैसे पेट्रोल पंपों पर इधन का खराद, कद्राय भडारा में किराने का सामान और दवाओं को छोड़कर, गैर-अधिसूचित नोटों का उपयोग नहीं किया जा सकता थाज्व्यापार और विनिर्माण के लिए भी नहीं। इस निर्णय की घोषणा रात 8 बजे की गई और इसे आधी रात से लागू होना था। नीति निर्धारकों का मानना था कि काले धन के जमाकर्ताओं को पकड़ने के लिए आकस्मिक आश्चर्य और गोपनीयता आवश्यक थी, ताकि वे अपने काले धन को नई मुद्रा में परिवर्तित करने में असफल रहें। हालांकि, आभूषण और संपत्ति खरीदने के लिए जौहरियों की दुकानों, बिल्डरों और दलालों के कार्यालयों में भीड़ लगी थी। इसलिए एक निश्चित मात्रा में काला धन संपत्ति में परिवर्तित हो गया जिसे बाद में मुद्रीकृत किया जा सकता था। इस सोच में घातक दोष यह है कि 'काली' सिर्फ नकदी नहीं है। आय और धन में अंतर है। 'काली आय' का सृजन आर्थिक गतिविधि पर आधारित एक प्रक्रिया है। यदि कोई डॉक्टर 50 मरीजों को देखता है और 30 तक भुगतान की घोषणा करता है तो बाकी मरीज़ों द्वारा किए गए भुगतान का पैसा 'काली' आय है। यह 'अंडर इनवॉइसिंग' का एक उदाहरण है जो व्यवसायों द्वारा नियमित रूप से किया जाता है। इस काली आय में से जो बचत होती है, वह वर्षों के दौरान जमा होने वाली संपत्ति बन जाती है। धन को विभिन्न रूपों में रखा जाता है, जैसे कि माल का अवमूल्यन करके या विदेशों में टैक्स हेवन (कर बचाने के लिए धन छिपाने वाली सुरक्षित जगहें) में धन जमा करके। इस धन से लाभ कमाने की उम्मीद रहती है। तो, नकद, जिस पर कोई रिटर्न नहीं है, वह एक छोटी राशि होगीज् कुल काले धन का एक फीसदी। इस प्रकारए यदि विमुद्रीकरण काले धन को समाप्त करने में कामयाब होता भी, तो केवल एक फीसदी काला धन समाप्त हो जाता, लेकिन गलत माध्यम से काली आय को उत्पन्न करने की प्रक्रिया जारी रहेगी। मौजूदा भ्रष्टाचार को देखते हुए पुरानी मुद्रा को नए नोटों में बदलना आसान साबित हुआ। कुछ बैंकर अपने अमीर ग्राहकों को पुराने नोट बदलने में मदद करते हुए पकड़े गए। इस पर 30 फीसदी शुल्क था, इसलिए एक नई काली आय उत्पन्न हुई। जन धन खातों में जमा राशि अचानक बढ़ गई क्योंकि गरीबों को 'कैश खच्चरों' के रूप में इस्तेमाल किया गया।

पुराने नोट को नए नोट में बदलने के लिए कारोबारियों ने हाथ में नकदी दी। पैसे के रूपांतरण के लिए ऐसी कई रणनीतियां अपनाई गईं। 2000 रुपए के नोटों के जारी होने से काला धन रखना आसान हो गया। इस लेखक ने जून 2017 में अनुमान लगाया था कि 10 जनवरी 2017 तक उच्च मूल्यवर्ग के 99 फीसदी नोट बैंकों को वापस कर दिए गए थे। अगस्त 2017 में आरबीआई द्वारा इसकी पुष्टि भी की गई थी। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो सभी पुरानी मुद्रा का हिसाब था। जाहिर है, विमुद्रीकरण ने न तो काले धन को समाप्त किया और न ही काली आय के सृजन को रोका। बदलता लक्ष्य : सत्ताधारी दल ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि काले धन को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा और विदेशों में पड़े धन को वापस लाया जाएगा। कहा गया था कि हर परिवार को 15 लाख रुपए मिलेंगे। पर यह एक जुमला निकला। विदेशों में न तो इतना काला धन था, न ही सरकार को पता था कि वह कहां है और न ही यह कि उसे कैसे वापस लाया जाए। अपनी गंभीरता दिखाने के लिए सरकार ने काले धन की जांच के लिए विभिन्न कदम उठाए, जैसे सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी वाली एसआईटी का गठन, विदेशी धन विधेयक और आय घोषणा योजना (आईडीएस) शुरू की गई। इनमें से किसी ने भी काम नहीं किया, इसलिए एक बड़े धमाके की जरूरत थी और वह था विमुद्रीकरण। प्रधानमंत्री के भाषण में तीन लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। काले धन को जड़ से खत्म करना, जाली नोटों का खात्मा और आतंकवाद के वित्तपोषण को समाप्त करना। ये सब प्रशंसनीय लक्ष्य थे, लेकिन विमुद्रीकरण का उनमें से किसी से कोई लेना-देना नहीं था। जैसा कि ऊपर बताया गया है, विमुद्रीकरण से न तो काला धन और न ही काली आय का सृजन प्रभावित हुआ। जालसाजी जारी है क्योंकि विदेशी तत्व इसमें शामिल हैं। आतंकवाद को विभिन्न माध्यमों से वित्तपोषित किया जाता है, जैसे हवाला, डॉलर का उपयोग, नशीली दवाओं की तस्करी आदि। इसलिए निर्धारित लक्ष्यों में से कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया गया। कुछ लोगों की यह भी राय थी कि राजनीतिक कारणों से विमुद्रीकरण का आदेश दिया गया था। अर्थात, विशेष रूप से यूपी का चुनाव जीतना महत्वपूर्ण था।

यह सोचा गया था कि यदि विपक्ष अपने काले धन का ढेर खो देता है तो वह प्रभावी ढंग से प्रचार नहीं कर पाएगा। कुछ ही दिनों में सरकार को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने 'गोल पोस्ट' या लक्ष्य ही बदल दिया। उसने तर्क दिया कि इस कदम से अर्थव्यवस्था 'कैशलेस' हो जाएगी। जब बताया गया कि कैशलेस व्यवस्था बनने में लंबा समय लगेगा तो अगले दिन लक्ष्य एक 'कम नकद वाली अर्थव्यवस्था' बन गया, लेकिन इसका भी काली अर्थव्यवस्था से कोई संबंध नहीं था। लोगों की पीड़ा के बावजूद सत्ताधारी पार्टी ने यूपी चुनाव जीता, क्योंकि बहुत से गरीबों ने यह विचार स्वीकार कर लिया कि भले ही उन्हें नुकसान हुआ हो, परंतु अमीरों ने भी अपने गलत तरीके से की गई जमाखोरी को खोया तो है। राजनीति ने अर्थशास्त्र को पछाड़ दिया। आर्थिक प्रभाव : अर्थव्यवस्था के लिए नकद रक्त की तरह है जो शरीर के सभी अंगों को पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है। नकद परिसंचरण लेन-देन को सक्षम बनाता है जो आय पैदा करने में मदद करता है। अगर 85 फीसदी खून शरीर से निकाल दिया जाए और हर हफ्ते सिर्फ 5 फीसदी ही बदले में दिया जाए तो शरीर मर जाएगा। इसी तरह जब प्रचलन में मुद्रा का 85 फीसदी निकाल दिया गया और लगभग एक वर्ष में थोड़ा-थोड़ा करके बदला गया तो अर्थव्यवस्था ढह गई। यदि कुछ ही दिनों के भीतर मुद्रा को बहाल कर दिया गया होता, तो नुकसान की भरपाई हो जाती। भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख घटक असंगठित क्षेत्र है, जिसमें 94 फीसदी कार्यबल कार्यरत है। इसमें सूक्ष्म और लघु इकाइयां शामिल हैं जो बजाय औपचारिक बैंकिंग के, नकद के साथ काम करती हैं। जहां संगठित क्षेत्र मांग में कमी के कारण प्रभावित हुआ था, क्योंकि लोगों की आय कम हो गई थी, वहीं असंगठित क्षेत्र बिना नकदी के बिल्कुल ही काम नहीं कर सका। विमुद्रीकरण की अवधि से आगे जाने वाले दीर्घकालिक प्रभाव स्पष्ट हैं। बढ़ती बेरोजगारी और असमानताओं में वृद्धि के कारण मांग में गिरावट आई है। परिणामस्वरूप महामारी की मार के पहले से ही 2020 की आर्थिक मंदी पैदा हुई। विमुद्रीकरण एक अनुचित कदम था जिसने अपने किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया, यहां तक कि गोल पोस्ट को स्थानांतरित करने पर भी नहीं। विमुद्रीकरण देश के लिए एक नीति प्रेरित संकट लाया।

सरकारें बनाने-गिराने में कर्मचारियों की भूमिका

राजेंद्र मोहन शर्मा

सरकारी कार्यों के संचालन के लिए एक व्यवस्थित श्रेणी जिसे कर्मचारी या मुलाजिम कहा जाता है, बनाई गई है। इन लोगों को एक विशेष प्रशिक्षण तथा नियमों का ज्ञान देकर जनता के प्रति उत्तरदायी बनाया जाता है। कर्मचारियों का समाज में एक विशेष स्थान होता है क्योंकि यह समझा जाता है कि यह सभी लोग बुद्धिजीवी होते हैं तथा अपने काम का एक विशेष अनुभव लिए होते हैं। आम जनता इन लोगों के दिए हुए सुझावों का अनुसरण करती है तथा इस तरह ये सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष या विपक्ष में जनमत बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान अदा करते हैं।

कर्मचारियों को राजनीतिज्ञों की हर नब्ज़ का पता होता है। वे जानते हैं कि राजनीतिज्ञों को नीतियों व नियमों का कोई ज्यादा ज्ञान नहीं होता क्योंकि उनको पता है कि प्रजातांत्रिक प्रणाली में ऐसे लोगों का शिक्षा का स्तर कोई इतना ज्यादा नहीं होता। ऐसे व्यक्ति को जिसे कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, साइंस, कानून व शिक्षा का मंत्री बना दिया जाए तो वे नौकरशाहों की दी हुई सलाह को ही मानेंगे। नौकरशाह ही कानून बनाते हैं तथा कई बार बनाए गए कानून आम जनता को मान्य नहीं होते तथा इन नियमों का इतना विरोध हो जाता है कि सत्तारूढ़ दल को पराजय का मुंह भी देखना पड़ जाता है। उदाहरणतः कृषि कानून, जिसकी अवधारणा तो कृषकों के पक्ष में ही है मगर फिर भी कई कारणों से यह कानून कई राज्यों के लोगों को मान्य नहीं है तथा उनका विरोध सत्ता पक्ष के विपरीत ही जाता महसूस हो रहा है। आज प्रत्येक घर में विशेषतः हिमाचल जैसे विकसित राज्य में हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी सेवा क्षेत्र में तैनात है। भले ही सत्ता को चलाने में उनका सकारात्मक योगदान ज्यादा है मगर फिर भी कहीं न कहीं उनके नकारात्मक कृत्यों से जनता दुखी हो ही जाती है। कुछ कर्मचारी अपने कार्यों का निष्पादन उचित ढंग से नहीं करते तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए घूस लेने की मांग करते हैं। ऐसे में लोगों में सरकार के विरुद्ध चिंगारी सुलगने लग जाती है जो आगे चल कर आग का रूप धारण कर लेती है। स्थिति उस समय और भी संवेदनशील हो जाती है जब भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को अहम पदों पर तैनाती दे दी जाती है तथा जो सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए अपनी व राजनीतिज्ञों की जेबें भरने लगते हैं। कुछ कर्मचारी व अधिकारी जातीय आधार पर भी लोगों का पक्षपात से काम करना आरंभ कर देते हैं। यह भी देखा जाता है कि राजनीतिज्ञ भी अपनी ही जाति के लोगों को ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा करने से दूसरी जाति के लोगों में वैमनस्य उत्पन्न होना शुरू हो जाता है। इसी तरह कुछ ऐसे मुलाजिम भी होते हैं जिन्हें राजनीतिज्ञों का अत्यधिक संरक्षण प्राप्त होता है तथा ऐसे मुलाजिम अपने कार्य निष्पादन में कुछ ज्यादा ही अहंकारी हो जाते हैं। मगर ऐसा होना अन्य सेवारत मुलाजिमों को गंवारा नहीं होता तथा वो सत्तारूढ़ पार्टी के विपक्ष में अपना जनमत तैयार करना शुरू कर देते हैं। जन कल्याण के लिए सरकार द्वारा बहुत सी स्कीमें चलाई जाती हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक सहायता को सबसिडी के रूप में दिया जाता है। हालांकि ऐसे कदम निश्चित तौर पर महंगाई को बढ़ाते हैं, मगर यह भी देखा जाता है कि कर्मचारियों के पक्षपात वाले रवैये के कारण गरीब लोग इन सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं तथा पात्र लोगों में सरकार के खिलाफ रोष उत्पन्न होना शुरू हो जाता है। आज हर काम के लिए लोगों को घूस का सहारा लेना पड़ता है। राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के विरोध में तो खूब भाषणबाजी करते हैं और कुछ नेता वास्तव में ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ठ भी होते हैं, मगर अधिकतर नेतागण, कर्मचारियों/अधिकारियों के माध्यम से अपनी मुट्ठी गर्म करते रहते हैं तथा मुलाजिम भी ऐसी स्थिति का अनुचित फायदा लेने में पीछे नहीं रहते। कर्मचारियों व अधिकारियों की अपने काम के प्रति उदासीनता या फिर अत्यधिक सख्ती भी लोगों को सरकार के विरुद्ध लामबंद होने के लिए मजबूर करती रहती है। सरकार ने विभिन्न विभागों विशेषतः पुलिस, आबकारी, खनन, सड़क परिवहन व राजस्व जैसे विभागों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शक्तियां प्रदान की होती हैं, मगर इन विभागों द्वारा कभी-कभी अतिक्रमण करना भी आरंभ हो जाता है। उदाहरणतः मोटर वाहन के नियमों को बनाए रखने के लिए व बिगड़ैल चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस को सख्ती से काम करना पड़ता है। सरकार ने मोटर वाहन नियमों की अवहेलना के लिए बहुत बड़े जुर्माने का प्रावधान कर रखा है ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखा जा सके, परंतु जब गरीब व्यक्ति या कोई ऐसी महिला या व्यक्ति जो स्थानीय काम से अपने वाहन को सड़क पर ले आता है और उसका चालान हो जाता है, तब उसके महीने की कमाई जुर्माने के रूप में ही निकल जाती है तथा अपनी गाड़ी को छुड़वाने के लिए कोर्ट-कचहरियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। होना तो यह चाहिए कि चालानों का निपटारा करने के लिए पुलिस अधिकारियों को ही ऐसे अधिकार प्रदान करने चाहिए जो एक निश्चित सीमा के बीच में मौके पर ही जुर्माना कर सकें। इसी तरह जब छोटी-छोटी अवहेलनाओं के लिए अन्य विभागों द्वारा नागरिकों के चालान काटने शुरू हो जाते हैं तो जनता सरकार के विरुद्ध होने लग पड़ती है। चालानों के साथ-साथ सुधारात्मक कार्यों पर भी जोर देना चाहिए तथा विभागों की इस धारणा को कि वर्तमान में किए गए चालानों की संख्या गत वर्ष से कम नहीं रहनी चाहिए।

वर्ग पहेली 4466

1	2	■	3	4	5		6
7		■	8			■	
	■	9			■	10	
11	12	■		■	13		
14		15	■	16			■
■	17				■	18	19
20	■		■	21	22	■	
23				■	24		

संकेतः बाएं से दाएं

1. अफ्रीका का यह देश एक प्रजातंत्र राज्य है जिसे 1 जुलाई 1960 को गणराज्य घोषित किया गया (2)
3. जम्मू-कशमीर में 4054 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिंदुओं का तीर्थ स्थल (5)
7. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हो, वही, वह, उस, उसी (2)
8. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
9. मन की कल्पना, विचार, ख्याल (3)
10. पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में मारा था, बगला नामक पक्षी (2)
11. फन, हुनर (2)
13. बुहारना, पोछना, चलता करना (3)
14. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
16. लहर, उमंग, तरंग, झूमने का भाव (3)
17. उत्पात, उपद्रव, खलबली (4)
18. इंसाफ, फैसला (2)
21. मध्यप्रदेश का एक प्रसिद्ध रेलवे जंक्शन, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार की अभिनेत्री बेटी (2)
23. चप्पू (4)
24. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण यमुना नदी का एक नाम (3)

ऊपर से नीचे(2)

1. हमला करने का अवसर देखना (5)
2. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
3. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
4. रगड़ना, घिसना (3)
5. अत्यंत महीन कण, सूजी (2)
6. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना (4)
10. दूल्हा-दुल्हन को यह भी कहा जाता है (4)
12. तिरस्कारपूर्ण बात, भर्त्सना, धिक्कार (3)
13. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
15. शास्त्रीय संगीत में एक ताल (4)
16. छिछली गोल तथा छोटी थाली (3)
19. हरजत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
20. स्वयं, स्वतः, खुद (2)
22. किसी नगर या कस्बे में प्रवेश द्वार (2)

वर्ग पहेली 4465 का हल

उ	त	र	प्र	दे	श	■	वा
प	■	म	जा	■	म	द	न
न	■	क	■	द	शा	■	र
य	मु	ना	■	ल	द	ना	■
न	■	■	लू	■	बे	टा	■
सं	ता	न	■	सा	ग	■	ब
स्का	■	म	र	ह	म	■	हु
र	ह	न	■	स	■	भा	त

छोटा परदा

शनिवार, दिनांक 13 नवंबर-2021

StarPlus 11:00 अनुपमा, 12:30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:30 साथ निभाना साथिया, 3:30 साथ निभाना साथिया, 4:00 साथ निभाना साथिया, 5:00 साथ निभाना साथिया, 5:30 चीकू की

मम्मी दूर की, 6:30 गुम है किसी के प्यार में, 8:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10:00 अनुपमा

>>>

SONY 11:00 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 12:30 बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 2:00 बेस्ट ऑफ

कपिल शर्मा शो, 3:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 4:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 5:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 6:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 7:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 7:30 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 8:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 9:30 द कपिल शर्मा शो, 11:00 द कपिल शर्मा शो

>>>

ZEE TV 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 कुंडली भाग्य, 2:30 मीता, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 4:30 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 पवित्र रिश्ता, 7:00 भाग्य लक्ष्मी, 7:30

कुंडली भाग्य, 10:00 जी कॉमेडी शो, 11:00 जी कॉमेडी शो

>>>

colors 11:00 खतरों के खिलाड़ी, 11:30 विद्या, 12:00 खतरों के खिलाड़ी, 12:30 खतरों के खिलाड़ी, 1:00 खतरों के खिलाड़ी, 1:30 खतरों के खिलाड़ी, 2:00 खतरों के खिलाड़ी, 2:30 खतरों के खिलाड़ी, 3:00 खतरों के खिलाड़ी, 3:30 खतरों के खिलाड़ी, 4:00 खतरों के खिलाड़ी, 5:00 उडारियां, 8:00 डांस दीवाने, 10:00 डांस दीवाने, 10:30 डांस दीवाने, 11:00 डांस दीवाने

SONY SAB 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 12:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:00

तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:30 डांस दीवाने, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 10:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

>>>

DD NATIONAL 10:00 एक नई सुबह, 1:00

श्रीगणेश, 5:00 नर्गिस, 5:30 इतिहास, 6:00 मुझे मेरी कॉम बनना है, 6:30 कोप्पा, 7:00 एक नई सुबह, 7:30 केरियार प्रभा, 8:00 फाईट फाईट डेली, 8:30 रग-रग में गंगा, 9:00 सौ करोड़ का कवि, 10:00 शिलांग हॉलीडे, 10:30 गोलमाल अस्पताल, 11:00 अजनबी

>>>

ZEE CINEMA 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

>>>

MOVIES OK 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म

आज का राशिफल

मेष किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी। बातचीत में संयत रहें।

तुला धैर्यशीलता में कमी रहेगी। घर परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृषभ जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

वृश्चिक आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

धनु किसी मित्र का आगमन हो सकता है। आय वृद्धि के साधन विकसित हो सकते हैं।

कर्क नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

मकर माता का सानिध्य मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी मित्र का आगमन हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

कुंभ शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जाना हो सकता है। खर्चों की अधिकता रहेगी।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। मन अशांत रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

सुडोकू पहेली

क्रमांक- 4466

	4			1				9
	7			6		1		
1	6	3	9					8
	3					2		
	5		7		2		1	
		6					3	
6					5	8	9	2
		5		2			6	
9				8			4	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 4465

6	9	5	4	7	3	2	1	8
7	3	4	8	2	1	5	6	9
2	8	1	6	9	5	7	3	4
8	1	2	5	3	9	4	7	6
4	6	7	2	1	8	9	5	3
3	5	9	7	6	4	8	2	1
1	7	3	9	4	2	6	8	5
9	2	8	1	5	6	3	4	7
5	4	6	3	8	7	1	9	2

मुंह में कपड़ा ठूंसकर छात्रा से किया दुष्कर्म

➢ स्कूल से घर जाते समय युवक ने दबोचा ➢ आरोपी फरार, पुलिस कर रही है तलाश

बांदा, (संवाददाता)। तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े युवक ने स्कूल से घर जाते समय छात्रा को दबोच लिया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म कर डाला। किसी तरह छात्रा जान बचाकर भागी। किसी तरह अपने घर पहुंची छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी। आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। उसकी तलाश की जा रही है। छात्रा का जिला महिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया।

तिन्दवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा गांव के ही जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती है। गुरुवार की दोपहर को वह स्कूल से छुट्टी होने के बाद पैदल घर जा रही थी, तभी रास्ते में ही पहले से घात लगाए बैठे आलोक विश्वकर्मा नाम के युवक ने उससे कोई सामान कमरे के अंदर रखवाने की बात कहकर बुला लिया। छात्रा आलोक के घर चली गई। दरवाजा बंद करके आलोक ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और दुष्कर्म किया। किसी तरह छात्रा आरोपी से चंगुल से छूटकर कंबल ओढ़कर भागी। कमरे से बाहर आई छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। रक्तरंजित हालत में छात्रा अपने घर पहुंची। ग्रामीण भी पीछे-पीछे पहुंच गए। छात्रा ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजन छात्रा को लेकर थाने गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी। बताया जाता है कि छात्रा अपने बुआ के घर में रहती थी। खबर पाकर सीओ सत्यप्रकाश शर्मा और थानाध्यक्ष चंद्रकांत शुक्ला मौके पर पहुंचे, छात्रा व परिजनों से पूछताछ की। छात्रा की बुआ की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी आलोक विश्वकर्मा पुत्र राजेश विश्वकर्मा के खिलाफ दुष्कर्म समेत पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

मांगों का लेकर बीडीसी सदस्यों ने किया प्रदर्शन

तिंदवारी, (संवाददाता)। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि की अगुवाई में बीडीसी सदस्यों ने ब्लाक परिसर में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया। धरना देने के बाद सरकार को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। ब्लाक परिसर में दो दर्जन से अधिक बीडीसी सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया। इसके बाद सरकार को संबोधित ज्ञापन बीडीओ अमित यादव को सौंपा। मांगों में अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह प्रत्येक बीडीसी सदस्य को 5 हजार रुपये मासिक मानदेय, 1500 रुपये प्रति मीटिंग भत्ता, 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, कम से कम 10 लाख रुपये वार्षिक विकास निधि समेत स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की प्राथमिकता की मांग की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह व बीडीसी सदस्यों में उर्मिला, सियापति, शारदा, महेश, अनिल कुमार, कल्लू, कल्ली, शिवमंगल, राकेश, आदित्य, सुंदरलाल, कमल कुमार आदि शामिल रहे।

एसडीएम ने सड़कों का किया निरीक्षण

नरैनी, (संवाददाता)। 15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से कस्बे की लगभग एक दर्जन से ज्यादा प्रस्तावित जर्जर सड़कों का उपजिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। कस्बे में लगभग 15 पुरानी जर्जर व जलभराव वाली सड़कों व उनसे लगी नालियों के सम्बन्ध में 15वें वित्त आयोग द्वारा मिलने वाली धनराशि द्वारा निर्माण के लिए जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसका स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अनुराग पटेल के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुरजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ओममणि वर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता व नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अमर बहादुर सिंह द्वारा किया गया। जिन्हें शीघ्र ही जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर नगर के सभासद भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने क्राप कटिंग कर जानी उत्पादकता

जिलाधिकारी ने किया क्राप कटिंग का निरीक्षण

बांदा, (संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने गुरुवार को फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय खाद्यान्न नीति प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्राप कटिंग के आंकड़ों को ज्ञात करने के लिए ग्राम पंचायत जारी में निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने खुद खेत में हंसिया लेकर धान की फसल काटी। इसके बाद अन्य अधिकारियों ने क्राप कटिंग के अंतर्गत धान की कटिंग की। जिलाधिकारी ने क्राप कटिंग आंकडों को ज्ञात करने के लिये ग्राम पंचायत जारी में धान क्राप कटिंग का निरीक्षण किया। ग्राम जारी के किसान रामबली यादव पुत्र ज्ञानी के गाटा संख्या-837 एवं किसान रामकिशुन पुत्र फक्कीरा के गाटा संख्या-58 में धान की फसल की कटिंग जिलाधिकारी द्वारा की गई। उनके साथ नायब तहसीलदार कमलेश कुमार, अपर जिला साख्यिकी अधिकारी राजेश तिवारी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल जारी, एआईसी बीमा कम्पनी के कर्मचारी, किसान राजू प्रजापति, राजाबाबू, श्याम बाबू, मंगल, शिवपूजन यादव, महिपाल, रामबली यादव आदि द्वारा क्राप कटिंग के अन्तर्गत धान की कटिंग की गई। क्राप कटिंग में किसान रामबली यादव के त्रिभुजाकार प्लाट में 16.380 किलोग्राम फसल धान की उपज प्राप्त हुई। इस प्रकार 37.82 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान की उत्पादकता प्राप्त हुई है। क्राप कटिंग में किसान रामकिशुन के त्रिभुजाकार प्लाट में 03.120 किलोग्राम फसल धान की उपज प्राप्त हुई है। इस प्रकार 07.20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान की उत्पादकता प्राप्त हुई है।

पांच दिन पूर्व गुम हुई किशारी बरामद

बांदा, (संवाददाता)। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी पांच दिन पहले शाम को खेतों की तरफगई थी। इसके बाद फिर वह वापस घर नहीं लौटी। देर शाम तक जब किशोरी घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। बाद में किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोरी के पिता ने बताया कि भिड़ौरा गांव का रहने वाला राकेश का यहां आना-जाना था। किशोरी 75 हजार रुपए के जेवरात और तीन हजार रुपया लेकर गई थी। पुलिस ने गुरुवार को किशोरी को बरामद कर लिया।

यातायात जागरूकता संगोष्ठी में अपर एसपी ने दी नियमों की जानकारी

चित्रकूट ब्यूरो। यातायात माह नवंबर के परिपेक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय की अध्यक्षता में सी पी सिंह महाविद्यालय बेड़ी पुलिया में यातायात जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, हेडफेन लगाकर वाहन न चलाए, ओवर स्पीड न चलाए, यातायात संकेतों का पालन करें, जब तक आपकी उम्र 18 वर्ष न हो तब तक वाहन न चलाए तथा 18 वर्ष पूर्ण होने पर अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलाए। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बताया कि दो व चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, शराब का सेवन कर वाहन न चलाए, ओवरटेक करते समय सावधानी रखें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये। यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क पर चलते समय हमेशा अपने बाए साइड ही चलें एवं जेब्रा क्रासिंग पर ही रोड क्रास करें। पीटीओ डॉक्टर संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इसके बाद आपका एआरटीओ कार्यालय में परीक्षा होगी। इसके बाद परीक्षा में सफल होने पर आपका लर्निंग का लाइसेंस बन जाएगा। इसके एक माह बाद ड्राइविंग लाइसेंस को लाइट किया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस बनने के उपरांत ही वाहन चलाए।

किसान समस्याओं को लेकर 16 को धान क्रय व खाद विक्रय केन्द्रों में भाकपा करेगी प्रदर्शन

चित्रकूट ब्यूरो। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड अमित यादव ने प्रेस नोट जारी कर धान क्रय केंद्र बंद होने, खाद विक्रय केन्द्रों पर किसानों को खाद न मिलने तथा किसानों को हो रही परेशानी पर कहा कि किसानों को खाद न मिलने से फसलें खराब हो रही हैं तथा खाद डीएपी उर्वरक आदि लेने के लिए तीन चार बार आने जाने से तीन चार सौ रुपए खर्च करने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है और जो मिल रही है, वो पुरानी सड़ी हुई खाद है। किसानों को खाद बीज खरीदने के लिए धान बेचना चाहते हैं, तो धान क्रय केंद्र बंद चल रहे हैं। जिससे किसान की आर्थिक आवक बन्द हो गयी है। जिसे भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी और इन समस्याओं के विरोध में 16 नवंबर को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेगी।

जमीनी विवाद में मारपीट तीन घायल

अतर्रा, (संवाददाता)। नगर के मोहल्ला राजनगर में हुए जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए, जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा इलाज कराया गया। नगर के मोहल्ला राजनगर निवासी करण सिंह उर्फ पप्पू (40) पुत्र रामगोपाल सिंह व दौलतराम उर्फ राजू पुत्र ओमप्रकाश यादव के बीच जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की सुबह विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षों से हुई मारपीट में करण सिंह दौलतराम तथा राम सिंह पुत्र जयकरण सिंह (30) घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने मांग की है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

महिलाओं के संरक्षण के लिए बने है कई कानून : विदुषी

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सचिव ने दी जानकारी

चित्रकूट ब्यूरो। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वधान में शुक्रवार को तहसील सभागार कर्वी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि महिलाओं के संरक्षण के लिए कई कानून बनाए गए हैं। जिसमें कार्यस्थल पर छेड़छाड़ से संरक्षण का अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार, घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम सार्वजनिक न होने का अधिकार सहित अन्य अधिकार महिलाओं को दिए गए है। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवादों के निपटान के लिए जनवरी में प्री लिटिगेशन स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शिविर में उपस्थित आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं से कहा कि आप वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बताया कि प्रार्थना पत्र पति-पत्नी अथवा पति-पत्नी का कोई नजदीकी रिश्तेदार भी दे सकता है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी तथा विपक्षी का नाम, पता, फोन नंबर, फेटोग्राफ एवं पहचान पत्र होना अनिवार्य है। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर प्राधिकरण द्वारा विपक्षी को बुलाया जाएगा एवं उनके बीच विशेषज्ञों द्वारा समझौता कराने का प्रयत्न किया जायेगा। पक्षों द्वारा अपनी सहमति से किए गए समझौते के संबंध में लोक अदालत अपना निर्णय पारित करेगा एवं लोक अदालत के द्वारा पारित निर्णय को किसी अन्य न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है और यह निर्णय अंतिम माना जाएगा।

इसके लिए टोल फ्री नंबर 18004 190234 एवं 15100 पर संपर्क करने के लिए बताया गया। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 के बारे में जानकारी दी तथा वन स्टॉप सेंटर की सुविधा के बारे में भी बताया। महिला थाना अध्यक्ष अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए है।

कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर अस्पताल में मॉक ड्रिल

नरैनी, (संवाददाता)। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को ध्यान में रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित अभ्यास किया गया। इस दौरान मरीज की एंट्री से लेकर उसे स्ट्रेचर पर ही आक्सीजन देने के साथ सारे चेकअप, देखरेख और आकस्मिक कक्ष में भर्ती की प्रक्रिया की गई। इसके बाद मरीज की कंडीशन के सामान्य वार्ड, आईसीयू और यदि बच्चा है तो पीकू वार्ड में भर्ती करने का भी अभ्यास किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की निगरानी में शुक्रवार को कस्बा स्थित एल-वन अस्पताल में स्टाफ के ही एक व्यक्ति को मरीज का रूप दिया गया और उपचार का मॉकड्रिल हुआ। मरीज को ट्राली पर लिटाने से लेकर उपचार की सभी जरूरी प्रक्रिया अपनाई गई। उन्होंने बताया कि यह सारी प्रक्रिया अति शीघ्र और अल्प समय में की गई ताकि कोरोना की संभावित तीसरी लहर के दौरान किसी मरीज के आने पर उसे जल्दी से जल्दी भर्ती करके इलाज शुरू किया जा सके।

दो पक्षों हुई जमकर मारपीट असलहे भी लहराए

रोडवेज में खाना खाने को लेकर हुआ था विवाद

बांदा, (संवाददाता)। एसपी आवास के सामने दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक युवक ने तमंचा निकाल लिया। इससे इलाके में दहशत फैल गई। दोनो युवक खून से लहूलुहान हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को सभी युवकों का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया।

क्योटरा मुहल्ला निवासी लवलेश पुत्र जागे तिवारी अपने दोस्त मनीष पाल निवासी जवाहर नगर के साथ रोडवेज स्थित एक होटल में खाना खाने गया था। वहां शराब के नशे में आवास विकास मुहल्ला निवासी सुनील पुत्र मुन्ना, बाबूलाल निवासी मवई से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों में हाथापाई हो गई। शोरशराबा सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। सुनील अपने दोस्त के साथ बाइक में बैठकर घर के लिए रवाना हुआ। इसी बीच एक बाइक में सवार होकर लवलेश और मनीष एसपी आवास के पास पहुंच गए। ओवरटेक करते हुए बाइक रोक ली। दोनो पक्षों में फिर से मारपीट शुरू हो गई। लवलेश ने बाबूलाल के सिर पर वजनदार चीज से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। सुनील को भी चोटें आ गईं। दोनो युवक लहूलुहान हो गए। अपने को घिरा देख सुनील ने तमंचा निकाल लिया। जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह और सिविल लाइन चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि होटल में खाना खाने को लेकर विवाद हुआ था। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

रिफ्रेशर परेड में पीआरडी जवानों ने बहाया पसीना

अनुशासन बनान और ड्यूटी करने का दिया प्रशिक्षण

बबेरू, (संवाददाता)। ब्लाक के अंतर्गत आने वाले पीआरडी जवानों की मासिक रिफ्रेशर परेड कराई गई, और अनुशासन बनाने तथा ड्यूटी करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बबेरु के खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को बबेरू ब्लाक के अंतर्गत आने वाले पीआरडी जवानों की मासिक रिफ्रेशर परेड कराई गई है। जिसमें बीओ पीआरडी ब्लाक ऑर्गेनाइजर सतीश कुमार के नेतृत्व में बबेरू ब्लाक के लगभग दो दर्जन पीआरडी जवानों को ब्लाक परिसर पर रिफ्रेशर परेड कराई गई। अनुशासन बनाए रखने तथा ड्यूटी करने से संबंधित पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस परेड के दौरान पीआरडी जवान योगेंद्र प्रसाद, गोविंद प्रसाद, छोटेलाल, गया प्रसाद, विजय बहादुर, दिनेश कुमार, भैरव प्रसाद, अनिल कुमार, प्रेमचंद्र, रामनारायण, रतनदीप, श्याम बाबू, अखिलेश कुमार, गोरेलाल, ललिता, लक्ष्मी सहित लगभग दो दर्जन पीआरडी के जवान मौजूद रहे।

आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर भड़की नारी इंसाफ सेना

बांदा, (संवाददाता)। दुराचार के बाद हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर भड़की नारी इंसाफसेना ने कलक्ट्रेट में विरोध-प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। आरोप लगाया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने में हीलाहवाली कर रही है। 10 दिन के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर सीएम आवास में प्रदर्शन की चेतावनी दी है। नारी इंसाफसेना कमांडर वर्षा भारतीय ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को कलक्ट्रेट में धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें कहा है कि पांच माह पहले गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती के साथ गांव के दबंगों ने दुराचार किया था। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी।

नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कल

सद्गुरु सेवा संघ जानकीकुंड के चिकित्सक करेंगे जांच

बांदा, (संवाददाता)। तिंदवारी क्षेत्र के भिड़ौरा रोड में रविवार को श्रीराम मैरिज हाल बड़ी देवी के पास विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सद्गुरु सेवा संघ जानकीकुंड के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक आएंग और आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच करेंगे।

पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने बताया कि नेत्र शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दो बजे तक किया जाएगा। शिविर में निशुल्क जांच करने के साथ ही चश्मे वितरित किए जाएंगे। बताया कि मरीज के पास आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और मोबाइल नंबर का होना आवश्यक है। बताया कि आपरेशन किए गए मरीज को घर तक निजी वाहन से छोड़ने की व्यवस्था की गई है।

सुदामा चरित्र सुनकर भर आई आंखें

श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन

बांदा, (संवाददाता)। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सातवें और अंतिम आवास विकास कॉलोनी के कुआं मंदिर पार्क में पं.भरत बाजपेयी ने सुदामा-कृष्ण मिलन की कथा सुनाई तो श्रोताओं की आंखें डबडबा गई। कथावाचक ने देख सुदामा की दीन दशा, करुणा करके करुणानिधि रोए। पानी परात को हाथ छुए नहि नैनन के जल सों पग धोए, सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्वान कथा व्यास ने कहा कि जब द्वार पर खड़े सुदामा का नाम रक्षक ने बताया तो प्रभु कृष्ण बाल सखा सुदामा से मिलने को बिना कुछ पहने नंगे पांव ही दौड़ पड़े। अपने बाल सखा से लिपट-लिपट कर रोए। उनको राजमहल में अपने सिंहासन पर बैठाकर उनके पांव धोए और मुट्ठी भर तंदुल (चावल) के बहाने दो लोक सौंप दिये। कृष्ण-सुदामा की कथा सुनकर पंडाल में श्रोतागण भाव-विभोर हो गए। कथा समापन के बाद श्रद्धालुओं समेत कथा के यजमान हरी प्रसाद गुप्त ने सपत्नीक आरती उतारी।

आग लगने से अधेड़ झुलसा

बांदा, (संवाददाता)। शहर के निम्नीपार मुहल्ला निवासी मकसूद खान (55) पुत्र बशीर खान गुरुवार की शाम आग लग जाने से झुलसने लगा। मौके पर पहुंचे घरवालों ने उसकी आग बुझाई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

बांदा, (संवाददाता)। हमीरपुर जिले के ललपुरा गांव निवासी सूरज (22) ने गुरुवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को पता चला, उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

190 स्कूलों में आयोजित हुई नेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा

- न्यादर्श के रूप में 60 छात्र-छात्राओं का किया गया चयन
- सर्वे परीक्षा में 4698 विद्यार्थियों की रही भागीदारी

बांदा, (संवाददाता)। मानव एवं विकास मंत्रालय एनसीईआरटी व राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान नेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा जनपद के 190 केंद्रों पर हुई। परीक्षा में कक्षा तीसरी, 5वीं, 8वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। बेसिक और माध्यमिक स्तर के 30-30 अध्ययनरत विद्यार्थियों का न्यादर्श के रूप में चयनित किए गए।

इसके पूर्व प्रशासन ने परीक्षा संबंधी तैयारियां पूरी कर ली थीं। सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के शैक्षिक स्तर को आंकने के लिए शुक्रवार को जनपद के 190 स्कूलों में नेशनल एचीवमेंट सर्वे की परीक्षा हुई। सर्वे में कक्षा तीन, पांच, आठ और 10 के बच्चों को शामिल किया गया। बच्चों ने ओएमआर सीट के जरिए अपने जवाब दिए। कक्षा तीन और पांच के बच्चों से हिंदी, गणित और पर्यावरण अध्ययन के जबकि कक्षा आठ और 10 के छात्रों से हिंदी, गणित, विज्ञान और सामान्य विज्ञान के सवाल पूछे गए। परीक्षा में 4628 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बेसिक और माध्यमिक स्तर कक्षा के 30-30 अध्ययनरत विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयन कर राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण कराया गया। परीक्षा में राजकीय, वित्त विहीन, निजी और केंद्रीय विद्यालय शामिल रहे। चयनित 190 स्कूलों में परीक्षण के लिए 190 आब्जर्स फील्ड इन्वेस्टीगेटर के 257 शिक्षक संकुल, एआरपी और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने योगदान दिया। पर्यवेक्षकध्स्रीडीओ वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा के लिए हर केंद्र पर ऑब्जर्वर के साथ फील्ड इंवेस्टिगर तैनात रहे। नेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा पूरे देश में एक ही दिन संचालित की गई। बताया कि स्कूलों का चयन स्टेट की ओर से होता है। ये सर्वे तीन साल में एक बार होता है।

जारी में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

वामन अवतार की कथा का किया गया वर्णन



बांदा, (संवाददाता)। जनपद के जारी गांव में पूज्य कमल नयन शरण महाराज ने चाथे दिन प्रभु के वामन अवतार का वर्णन किया। कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आचार्य ने श्रीमद्भागवत कथा चतुर्थ दिवस के प्रसंग का वृतांत सुनाते हुए बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु के दशावतारो में पांचवा अवतार और मानव रूप में अवतार था। जिसमें भगवान विष्णु ने एक वामन के रूप में इंद्र की रक्षा के लिए धरती पर अवतार लिया। इस दौरान महाबली ने 100 में से 99 अश्वमेध यज्ञ पुरे कर लिए थे। अंतिम अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने ही वाला था कि तभी दरबार में दिव्य बालक वामन पहुँच गया। तभी गुरु शुक्राचार्य महाबली को बताया कि ये बालक ओर कोई नहीं स्वयं भगवान विष्णु हैं वो इंद्रदेव के कहने पर यहाँ आए हैं महाबली अपनी बात पर अटल रहे और कहा मुझे वैभव खोने का भय नहीं है बल्कि अपन प्रभु को खोने का है इसलिए मै उनकी इच्छा पूरी करूंगा। महाबली उस बालक के पास गया और स्नेह से कहा आप अपनी इच्छा बताइये। उस बालक ने महाबली की और शांत स्वभाव से देखा और कहा मुझे केवल तीन पग जमीन चाहिए जिसे मैं अपने पैरों से नाप सकूं। महाबली ने हँसते हुए कहा केवल तीन पग जमीन चाहिए, मैं तुमको दूँगा। जैसे ही महाबली ने अपने मुँह से ये शब्द निकाले वामन का आकार धीरे धीरे बढ़ता गया। वो बालक इतना बढ़ा हो गया कि बाली केवल उसके पैरों को देख सकता था। वामन आकार में इतना बढ़ा था कि धरती को उसने अपने एक पग में माप लिया। दुसरे पग में उस दिव्य बालक ने पूरा आकाश नाप लिया। अब उस बालक ने महाबली को बुलाया और कहा मैंने अपने दो पगों में धरती और आकाश को नाप लिया है। अब मुझे अपना तीसरा कदम रखने के लिए कोई जगह नहीं बची, तुम बताओ मैं अपना तीसरा कदम कहाँ रखूँ। महाबली ने उस बालक से कहा प्रभु, मैं वचन तोड़ने वालों में से नहीं हूँ आप तीसरा कदम मेरे शीश पर रखिये। भगवान विष्णु ने भी मुस्कुराते हुए अपना तीसरा कदम महाबली के सिर पर रख दिया। इसके बाद पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में सभी भक्तों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। भागवत पाठ व पूजन आचार्य श्याम जी शुक्ल व कथा में संगीतमंच पर मुख्य रूप से प्रदीप पाण्डेय गायन, रंजीत कुमार तबला वादन, प्रवीण कुमार पैड, कथा परिक्षित श्री मती सुदामा देवी श्री लखन लाल शुक्ला ईष्ट मित्रों परिवार सहित दिनेश शुक्ला रज्जू, कुलदीप त्रिपाठी पत्रकार, विष्णु शुक्ला अवर अभियंता विद्युत विभाग, इं अनंत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

बच्चों को खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने के लिए किया प्रेरित

चित्रकूट ब्यूरो। नगर तहसील के संकुल लोढ़वारा की संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का कंपोजिट विद्यालय छिपनी बाहर खेड़ा के प्रांगण में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही दृष्टि संस्थान कर्वी की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना और कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा के बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीएसए ने बच्चों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया तथा अध्यापकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा के बच्चों को सामान्य ज्ञान की पुस्तक देकर पुरस्कृत किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने अध्यापकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा स्पर्धा की भावना को बनाये रखकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंधुइन संतोष कुमार तथा कार्यक्रम का आयोजन नोडल शिक्षक बृजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, छिपनी-बाहर खेड़ा ग्राम प्रधान श्याम, बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल के सभी शिक्षक, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, टीम प्रभारी और प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- **अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344,** आर0एन0आई0पंजी0सं0- **UPHIN/2014/60049**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उज़रदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

आरेडिका में रक्तदान शिविर आयोजित

रायबरेली (अमर चेतना व्यूरो)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) रायबरेली में शुक्रवार को रेलवे सुरक्षाबल और आरेडिका अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों और कमर्चारियों ने रक्तदान कर लोगों के अमूल्य जीवन को बचाने की दिशा में महान कार्य किया। आज देश में डेंगू और मलेरिया जैसी प्राणघातक बीमारियों की लहर चल रही है जिसमें रोगी को अलग से रक्त की आवश्यकता पड़ती है इसलिए इस अवधि में इस रक्तदान शिविर का महत्व और भी बढ़ जाता है।

रक्तदान शिविर के संबंध में आरेडिका महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव ने बताया किए ÷रक्तदान का अर्थ है किसी अज्ञात व्यक्ति को जीवनदान÷ इसके महत्व का पता आपातकाल के समय में चलता है कि यह कितना उपयोगी है। आगे उन्होने बताया कि 18 साल से ऊपर का कोई स्वस्थ्य व्यक्ति साल में दो बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है अपितु रक्तदान करने से मन में प्रसन्नता का भाव आता है कि आज हमने अच्छा काम किया है।

रेलवे सुरक्षाबल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री सुरेश कुमार सैनी ने स्वयं रक्तदान किया एवं बताया कि एक अक्टूबर को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता हैं जिसमें लोग स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करते हैं और लोगों के जीवन को बचाने की दिशा में अपना योगदान देते हैं। इसी क्रम में आरेडिका के प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एम. के. सकरवाल ने रक्तदान के संबंध में बहुमूल्य जानकारी देकर लोगों को रक्तदान के लिए प्ररित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षाबल के जवानों एवं महिलाओं सहित 45 लोगों ने रक्तदान किया जिनमें डॉ0 सुरेश कुमार सैनीए गौरव तंवर, अरविंद कुमार, पवन कुमार, शिल्पा प्रदर्शनी, धर्मेन्द्र सिंह, नीरज, आशीष कुशवाहा, अतुल, दीपक कुमार, मुकेश, कमल दास, संदीप, मोहित, प्रवीण, राहुल, अमर, ललरत्न, कन्हैया सिंह आदि प्रमुख है।

आरेडिका में समय समय पर जन कल्याण के कार्य होते रहते है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री एस. एस. कलसी सहित मुख्य विभागाध्यक्ष और अधिकारीगण एवं कमर्चारीगण उपस्थित रहे और रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

राष्ट्रीय सनातन सेना की भव्य सद्भावना यात्रा 15 नवम्बर को निकलेगी

✓ 51 आचार्यो का समूह करेगा स्वस्ति वाचन ✓ शामिल होगे किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर

प्रयागराज, (संवाददाता)। राष्ट्रीय सनातन सेना प्रयागराज की ओर से समाज में सनातन धर्मावलंबियों विशेषकर ब्राह्मण समाज की अनदेखी को लेकर 15 नवम्बर को सद्भावना यात्रा भव्य पुष्प वर्षा के बीच बाबा चौराहा, कैण्ट से पूर्वाहन 11 बजे निकलेगी। इसका नेतृत्व राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक और वरिष्ठ समाजसेवी अभय नारायण पाण्डेय करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी होंगे। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि, प्रयागराज महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि और प्रयागराज पीठाधीश्वर स्वामी मातंगी नंद गिरि शामिल होगी। सद्भावना यात्रा को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को सिविल लाइंस में राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक अभय नारायण पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने पदाधिकारियो से कहा कि 15 नवम्बर की सद्भावना यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ आप सब लोग शामिल हों। अतिथियों के स्वागत के बाद 51 आचार्य स्वस्तिवाचन करेंगे और विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 101 लोगों को सम्मानित किया जायेगा। श्री दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण उत्तर प्रदेश में 18 फीसदी है। इसके बावजूद भी सरकारों द्वारा उनकी अनदेखी की जाती है तथा ब्राह्मणों का शोषण किया जाता है। ऐसी स्थिति में हम सबको एक होकर सभी सनातन धर्मावलंबियों को आगे आना होगा और समस्त पार्टियों को अपनी ताकत का एहसास दिलाना होगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया। बैठक में संतोष पांडेय, सुनील पांडेय, पीके राय, कृष्णानंदपाल, विनायक पांडेय, अरुण पाल, अमित यादव, अवधेश पाल, संजय दत्त पाल, अमित सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बार चुनाव को लेकर दो पक्षों में विवाद का हल निकालने की कोर्ट की अपील

प्रयागराज, (संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन चुनाव कराने के आदेश को संशोधित करने की मांग में दाखिल अर्जी को जनहित याचिका के साथ 15 नवम्बर को पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों से आपसी विवाद व बार से निष्कासन की कार्यवाही का निस्तारण करने की अपील की है। हाईकोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष विवाद का हल निकाले और एक दूसरे के खिलाफशिकायतों को वापस लेने की अर्जी दाखिल करें, ताकि सौहार्द पूर्ण वातावरण में बार का चुनाव सम्पन्न हो सके। कोर्ट ने सुनवाई के समय एल्डर कमेटी के सदस्यों को मौजूद रहने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एम.एन भंडारी तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने संतोष कुमार मिश्र व अन्य की चुनाव को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर दी गई अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए दाखिल अंतर्हस्तक्षेपी अर्जी को खारिज कर दिया है।

स्कूल से घर जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी, अपहरण का प्रयास

जौनपुर, संवाददाता। केराकत कोतवाली के टुसौरी गांव के पास गुरुवार की दोपहर सनसनीखेज घटना हुई। स्कूल से घर जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए अपहरण का प्रयास किया गया। पूरी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने दो आरोपितों को दबिश देकर धर दबोचा। दो अन्य की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी कुटीर इंटर कालेज चक्के (पराऊगंज) में 10वीं कक्षा की छात्रा है। दोपहर दो बजे कालेज की छुट्टी के बाद वह घर लौट रही थी। गांव से पहले ही सुनसान जगह पर चार की संख्या में घात लगाए खड़े मनबढ़ युवकों ने छात्रा को रोक लिया और उससे छेड़खानी करने लगे। प्रतिरोध करने पर युवकों ने छात्रा को थप्पड़ जड़ दिए। अप्रत्याशित घटना से घबरा उठी छात्रा रोने व चीखने-चिल्लाने लगी। इस पर अगल-बगल के लोग जुटने लगे। ऐसे में युवक छात्रा को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर भाग गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद छात्रा के स्वजन उसे ढूंढने लगे। दो घंटे बाद छात्रा छतरीपुर गांव के पुरवा गड़हर की मौर्य बस्ती में मिली और आपबीती बताई। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में चार नामजद आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने देर रात दबिश देकर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

सास ने डांटा तो फांसी लगाकर युवती ने दी जान

जौनपुर, संवाददाता। धनश्यामपुर बाजार में शुक्रवार की दोपहर विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पास-पड़ोस के लोगों के अनुसार सास की डांट से क्षुब्ध होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन कर रही है। बाजार निवासी रवि गुप्त की 25 वर्षीय पत्नी कंचन अपने ढाई वर्ष के इकलौते पुत्र की किसी बात पर पिटाई कर रही थी। सास साधना ने इसी पर नाराज होकर कंचन को डांट-फटकार लगा दी। इसी बात से क्षुब्ध कंचन ने दूसरे तल पर स्थित अपने कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर बाद भी जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो स्वजन आशंकित हो गए। ऊपर जाकर आवाज लगाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। कमरे में पंखे से फंदे के सहारे कंचन का शव लटका दिखा। केराकपुर गांव निवासी हरी पाल गुप्त की पुत्री कंचन की शादी 28 फरवरी 2017 को हुई थी।

बेलघाट थाना क्षेत्र की कुरी गांव निवासी की दबंगों ने पीट-पीटकर की युवक की हत्या

परिवार वालों ने लगाया पुलिस के ऊपर लापरवाही का आरोप

गोरखपुर/बेलघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुरी गांव निवासी गोरखनाथ ने बेलघाट थाने पर तहरीर दी करके बताया है कि 11 नवंबर दिन गुरुवार को कुरी बाजार में शराब भट्ठी के पास हुए विवाद में उनके छोटे भाई नीरज यादव को, औराडाड गांव निवासी दबंग सनी सिंह और उनके साथियों ने पीट-पीटकर मार डाला जिसके बाद उन्होंने इस मामले में थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शराब भट्ठी पर किसी बात को लेकर के विवाद हुआ था जिसके बाद उनके भाई के साथ मारपीट की गई जिसमें की वह घायल हो गए थे उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैसर बाजार ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है की पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती है वरना मृतक की जान बचाई जा सकती थी इस मामले को लेकर परिवार के लोग कुरी बाजार में धरने पर भी बैठ गए हैं फिलहाल मौके पर भारी फोर्स मौजूद है।

रेलवे त्यौहार स्पेशल गाड़ियों का संचालन करेगा

प्रयागराज, (संवाददाता)। रेल प्रशासन द्वारा निम्न त्योहार विशेष गाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह के अनुसार 03695-03696 राजगीर- आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी में राजगीर से 13 और 16 नवम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 14 और 17 नवम्बर को संचालित होगी। गाड़ी संरचना में सामान्य श्रेणी 18, एसएलआरडी के दो डिब्बे होंगे। गाड़ी 03697-03698 राजगीर-आनन्द विहार टर्मिनल त्योहार विशेष गाड़ी राजगीर से 12, 15 और 18 नवम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 13, 16 और 19 नवम्बर को संचालित होगी। गाड़ी संरचना में एसी तृतीय श्रेणी 02, एसी द्वितीय सह तृतीय श्रेणी 01, स्लीपर श्रेणी 06, सामान्य श्रेणी 12, एसएलआरडी के दो डिब्बे होंगे। इसी प्रकार 01683-01684 पटना जंक्शन-आनन्द विहार टर्मिनल गति शक्ति आरक्षित सुपरफास्ट त्योहार विशेष एक्सप्रेस गाड़ी पटना जंक्शन से 12, 14, 16 और 18 नवम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 13, 15 और 17 नवम्बर को संचालित होगी। गाड़ी संरचना में एसी इकॉनमी कोच 20, एसएलआर दो डिब्बे होंगे।

इसी क्रम में रेल प्रशासन द्वारा निम्न त्योहार विशेष गाड़ियों की संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत 03381-03382 पटना-पुणे छठ पूजा त्योहार विशेष गाड़ी 03381 पटना से 19 नवम्बर को चलेगी तथा प्रयागराज-छिंवकी में 17.20-17.25 बजे रुकती हुई पुणे जाएगी। गाड़ी 03382 पुणे से 21 नवम्बर को चलेगी तथा 22 नवम्बर को प्रयागराज- छिंवकी में 06.00-06.05 बजे रुकते हुए पुणे जाएगी। इसी प्रकार 05297-05298 बरौनी-लोकमान्य तिलक(ट.) छठ पूजा त्योहार विशेष गाड़ी 05297 बरौनी से 20 नवम्बर को चलेगी तथा 21 नवम्बर को प्रयागराज- छिंवकी में 08.35-08.40 बजे रुकते हुएलोकमान्य तिलक (ट.) जाएगी। गाड़ी 05298 लोकमान्य तिलक(ट.) से 22 नवम्बर को चलेगी तथा 23 नवम्बर को प्रयागराज-छिंवकी में 12.30-12.35 बजे रुकते हुए लोकमान्य तिलक(ट.) जाएगी।

उ़प्र: स्टेटीशियन कम प्रवक्ता के तीन पदों का परिणाम घोषित

प्रयागराज, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने शुक्रवार की सायं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र के अंतर्गत स्टेटीशियन कम प्रवक्ता के तीन पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के उप सचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि आयोग द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र के अंतर्गत उक्त तीन पदों के लिए साक्षात्कार 09 नवम्बर, 2021 को सम्पन्न किया गया था। जिसके आधार पर सर्वेश कुमार, रूपेश तिवारी एवं आशीष दत्त उपाध्याय को सफल घोषित किया गया है।

रुद्रांश के शतक पर भारी पड़ी अफ्फान की पारी

प्रयागराज, (संवाददाता)। मो. अफ्फान के अर्धशतक की मदद से दौलत हुसैन इंटर कालेज ने नंद किशोर पीजी कालेज को तीन विकेट से हराकर शमशेर अहमद अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक जुटाए। दौलत हुसैन कालेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में नंद किशोर पीजी कालेज ने 35 ओवर में 191 रन (रुद्रांश सिंह 104, कौशल श्रीवास्तव, फैजान अहमद एवं सिद्धार्थ वर्मा दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कालेज ने 30.2 ओवर में 193 रन (मो. अफ्फान 58 नाबाद, तन्मय मालवीय 32, सलमान खान 25, रुद्रांश सिंह 3-42, आदित्य मिश्र 2-27) बना लिया।

एबीआईसी ने शिवपुर अकादमी को हराया

प्रयागराज, (संवाददाता)। एंग्लो बंगाली इंटर कालेज ने शिवपुर क्रिकेट अकादमी को नौ विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में 3 अंक प्राप्त किये। डीयवी इंटर कालेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में शिवपुर अकादमी ने 22.1 ओवर में 83 रन (हिमांशु 11, राज तिवारी 10, यश राज 3-16, प्रखर मालवीय, सत्यम यादव व विनीत राठौर दो-दो विकेट) बनाये।

ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधान प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी

ग्राम विकास अधिकारी अनुसूचित जनजाति का होने के वजह से फर्जी मुकदमें में फंसाने की कोशिश

गोरखपुर। कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड भरोहिया के अंतर्गत ग्राम सभा रानाडीह निवासी दिनेश कुमार निषाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवसृजित ब्लॉक विकास खंड भरोहिया जनपद गोरखपुर द्वारा ब्लॉक पर तैनात ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार नायक द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने पर प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार निषाद द्वारा स्थानीय थाना पीपीगंज और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भेज कर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग के साथ ही पुलिस से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार निषाद प्रधान प्रतिनिधि सुमन निषाद निवासी रनाडीह विकास खंड भरोहिया जनपद गोरखपुर दिनांक 11/11/21 दिन गुरुवार को समय लगभग 1:45 दिन में गांव के विकास के संबंध में बात करने के लिए भरोहिया ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार नायक के पास गए हुए थे आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने व अपने को अनुसूचित जनजाति एवं स्थानीय होने के नाते प्रधान प्रतिनिधि दिनेश निषाद को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई धमकी देने की वजह से प्रधान प्रतिनिधि और उसके परिजन दहशत में है प्रधान प्रतिनिधि दिनेश निषाद अपने और परिवार की सुरक्षा के लिए स्थानीय थाना पीपीगंज को लिखित तहरीर देकर जनसुनवाई पोर्टल पर ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ शिकायत भेज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की लोगों को दी जाए जानकारी

युवाओं का नाम प्राथमिकता से मतदाता सूची में दर्ज कराएं

बांदा, (संवाददाता)। सूब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दी जाए। इसका साथ ही ऐसे युवा वर्ग जो 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष के हो जाएंगे, उनका नाम प्राथमिकता के साथ मतदाता सूची में जुड़वाए जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाए। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गयी है, उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए जाएं। वोटर हेल्पलाइन ऐप को अधिक से अधिक डाउनलोड कराया जाये तथा जनसामान्य को जानकारी दी जाए कि मतदाता सूची में परिवर्तन के लिए वह निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी मतदाता सूची से संबंधित दावे व आपत्तियों का समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों पर लिंग अनुपात सही नहीं है, उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वीप मास्टर प्लान समय से तैयार करा लिया जाए ताकि मतदाता जागरूकता पाठशालाओं को सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों को समय से संपादित कराया जाए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पटेल, अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर त्रिपाठी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार तथा सभी उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महापंचायत में लखनऊ पहुंचे किसानः हरदत

बांदा, (संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष हरदत्त पांडेय ने आवाहन किया है कि किसान आगामी 22 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा लखनऊ में आयोजित किसान महापंचायत में प्रतिभाग करें। श्री पांडेय ने कहा कि किसानों की आवाज को दबाने वाली हर अत्याचारी ताकत को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि कृषि व किसान के स्वाभिमान के लिए राजधानी लखनऊ में किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है।

बाइक रैली निकालेंगे सफाई कर्मचारी

बांदा, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आगामी 16 नवंबर को दोपहर दो बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। सभी सफाई कर्मचारी डिग्री कालेज मैदान में एकत्र होंगे। वहां से बाइक रैली महाराणा प्रताप चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी।

अखिल युवा परिषद की बैठक संपन्न

अतर्रा, (संवाददाता)। अखिल भारतीय युवा एकता परिषद की कोरोना के उपरांत प्रथम बैठक मीरा बाबा धाम अतर्रा में संपन्न हुई, जिसमें संगठन के संयोजक सूरज पांडेय, संगठन अध्यक्ष सत्यम तिवारी, योगी आदित्य राज पांडेय, प्रेम पांडेय ,संजय तिवारी, अंकित कुमार मिश्रा, दादूराम विवेक चक्रवर्ती ,अंकित नारायण गुप्ता ,अनुज पांडेय, अमन दीक्षित ,मोदी विश्वकर्मा, रवि कुमार सविता, अंकित द्विवेदी ,कुलदीप गोस्वामी, अनिल गुप्ता, ,अरविंद सिंह, रामजी चौरिहा आदि युवा साथी गण मौजूद रहे।

बाइक-साइकिल भिड़ंत में दो जख्मी

बबेरू, (संवाददाता)। साइकिल और बाइक भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कस्बे के औगासी रोड जमुनिहा पुरवा के पास साइकिल व बाइक की सामने से टक्कर हो गई। इसमें अंबिका प्रसाद (40) पुत्र छेदीलाल निवासी पिंडरन थाना मरका साइकिल से बबेरू जा रहा था, तभी बबेरू की तरफ से जा रहे बाइक सवार राहुल (25) निवासी जलालपुर ने साइकिल में टक्कर मार दी।

सुनैना समृद्धि फाउण्डेशन को सूडा द्वारा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान किया गया

गोरखपुर/जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में डूडा द्वारा ग्रामोद्योग संस्थाओं द्वारा कौशल प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण कराये जाने के कार्यो की समीक्षा बैठक की गई बैठक में दो संस्थायें इम्पैन्ल्ड संस्थाओं में सुनैना समृद्धि फाउण्डेशन व आनन्द ग्रामोद्योग द्वारा कौशल प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण कराये जाने के संबंध में अपना - अपना प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया डीएम विजय किरन आनंद ने प्रशिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि प्रशिक्षण में उपयोग किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता और प्रशिक्षण केन्द्र मानक के अनुरूप एवं उत्तम होना चाहिए जिसका निरीक्षण समय - समय पर परियोजना अधिकारी परियोजना निदेशक नामित मजिस्ट्रेट तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा। सुनैना समृद्धि फाउण्डेशन को सूडा मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आवंटित लक्ष्य के अनुसार प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की जाती है व भविष्य में आनन्द ग्रामोद्योग को भौतिक लक्ष्य आवंटित होने के उपरान्त प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति दी जायेगी बैठक में परियोजना अधिकारी डूडा विकास कुमार सिंह कार्यदायी संस्था मौजूद रहे।

सड़क हादसों में ट्रक ड्राइवर समेत तीन की मौत

आजमगढ़, संवाददाता। जिले के जहानागंज, अतरौलिया और सिधारी थाना क्षेत्रों में गुरुवार की शाम हुए सड़क हादसों में ट्रक ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। आंबेडकर नगर के राजेसुलतानपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा पांडेय निवासी विनोद यादव (32) मुंबई में रहकर ट्रक चलाते थे। 20 दिन पूर्व ही घर आए थे। गुरुवार की शाम बाइक से भैंस के लिए दवा लेने रानीपुर गए थे। वहां से देर शाम लौटते समय अतरौलिया थाना क्षेत्र के रानीपुर मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें रानीपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

सिधारी थाना क्षेत्र के चंडेश्वर गांव के रामवृक्ष (65) गुरुवार की शाम घर के पास ही बाजार जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे कि पीछे से आ रहे आटो की टक्कर से घायल हो गए। आटो चालक घायल को पास के एक मेडिकल हाल पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ ही देर बाद मौत हो गई। रामवृक्ष मजदूरी करके परिवार की जीविका चलाते थे। उनके दो पुत्र हैं। जहानागंज थाना क्षेत्र के धनारबांध निवासी जगपत (60) जहानागंज बाजार में एक दुकान पर काम करके परिवार की जीविका चलाते थे। शाम को दुकान से छुट्टी मिलने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। कारीसाथ के पास पहुंचने पर बाइक की टक्कर से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद मौत हो गई।

धोखाधड़ी के मामले अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

आजमगढ़, संवाददाता। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक बीडी भारती ने रामअशीष बनाम योगेंद्र मुकदमें में प्रदीप दीक्षित, प्रवीण दीक्षित व पातंजलि दीक्षित पुत्र योगेंद्र दीक्षित निवासी सुदईपुर, थाना तहबरपुर की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। उनके विरुद्ध धारा 419,420,465,466,467,468,470,471 भारतीय दंड संहिता के तहत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अदालत ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र यह कहते हुए खारिज किया कि अभियुक्गण द्वारा परिवाद संख्या 07/2017 रामअशीष बनाम योगेंद्र में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित गैर जमानती वारंट के तथ्य को छिपाते हुए निगरानी भी योजित किया है और धारा 438 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया है।अभियुक्तगण का पूर्ववर्ती कृत्य से परिलक्षित होता है कि उन्होंने पूरी तरह से न्यायिक व्यवस्था के साथ खेलने का प्रयास किया है और अभियुक्तगण येन केन प्रकारेण प्रकरण न्यायालय से अनुचित आदेश प्राप्त करने कि चेष्टा किए है ऐसे में अभियुक्तगण किसी सहानुभूति प्राप्ति करने के लायक नहीं है। अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाता है। एडीजीसी फौजदारी जगदीश पांडेय व विक्रम पटेल व परिवादी के अधिवक्ता लल्लन सिंह व हेमंत पांडेय ने कोर्ट में सुनवाई दौरान अग्रिम जमानत का जमकर विरोध किया।

मंडलायुक्त ने किया गोरखपुर महोत्सव 2022 की तैयारी बैठक

गोरखपुर/ पर्यटन/संस्कृति/इको टूरिज्म के विकास के दृष्टिगत माह जनवरी 2022 में प्रस्तावित गोरखपुर महोत्सव के आयोजन के संबंध में मण्डलायुक्त रवि कुमार एन.जी ने आयुक्त सभागार में बैठक करके कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। मण्डलायुक्त ने बैठक में बताया कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन चम्पा देवी पार्क,नुमाइश ग्राउंड एवं रामगढ़ताल में करने की योजना है। गोरखपुर महोत्सव में जनपद की लोक कलाओं एवं अन्य विधाओं के कलाकारों को एक मंच देने का भी कार्य किया जायेगा। गोरखपुर महोत्सव में पारम्परिक खेलकूद, प्रतियोगितायें करायी जायेगी साथ ही माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा स्तर पर बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। इसके साथ ही शिल्प मेला एवं बालीवुड के कलाकारों के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके अलावा अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले व्यक्तियों तथा साहित्य कला अध्ययन, पत्रकारिता,लेखन,लोक कला एवं सामाजिक कार्य से जुड़े हुए व्यक्तियों को भी सम्मानित किये जाने की योजना है। बैठक में जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द,मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष जीडीए प्रेमरंजन सिंह,मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा पवन अग्रवाल,नगर आयुक्त अविनाश सिंह,अपर आयुक्त प्रशासन ए0के0 सैनी, एडीएम वि/रा राजेश सिंह पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार सहित विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

सपा नेता पवन सिंह ने जनसंपर्क कर विजय रथ को सफल बनाने के लिए मांगा समर्थन

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आगमन 13 नवम्बर को गोरखपुर में होगा गोरखपुर से ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव विजय रथ यात्रा की शुरुआत करेंगे। समाजवादी के सभी नेता विजय यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है लोगो से जन समर्थन मांग रहे है समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और स्टार प्रचारक के रूप में मशहूर पवन सिंह भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वागत की तैयारियों में कड़ी मेहनत कर रहे है साथ ही जनता के बीच मे जाकर विजय रथ यात्रा में शामिल होने के लिए लोगो से समर्थन भी मांग रहे है। आपको बता दे कि समाजवादी विजय रथ यात्रा गुरु गोरखनाथ की धरती से शुरू होकर भगवान बुद्ध की धरती पर जा रही है। 13 नवंबर को यात्रा की शुरुआत 9.30 बजे एयरपोर्ट से होगी। सपा नेता पवन सिंह ने कहा कि जब-जब धरती पर अन्याय अत्याचार का बोलबाला होता है समाज को बांटने का काम होता है उसको करने वाले झूठ राष्ट्रवाद पाखंड समाज में भी फैला कर अपना उल्लू सीधा करते हैं। बीजेपी इसका जीता-जागता सबूत है। आम आदमी को घर चलाना मुश्किल हो गया है। महंगाई अपने चरम पर है। किसान-नौजवान पटेल यात्रा को जिस तरह समर्थन मिला आने वाले 2022 के चुनाव में जन विश्वास अखिलेश यादव की तरफ बढ़ा है। क्योंकि अखिलेश यादव ने 2012 से 2017 तक प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया था। बीजेपी ने समाज के सभी वर्ग से झूठ बोलकर सरकार बना लिया , किसान बेहद परेशान है किसानों को लागत मूल्य तक नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ा दिया पेट्रोल, रसोई गैस,खाद,बिजली, शिक्षा का शुल्क, इलाज के दाम बढ़ा दिया। नौजवानों के साथ धोखा किया नौजवान रोजी रोटी के लिए दर-दर भटक रहा है। भाजपा राज में अपराध चरम पर है तथा लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं रोज हो रही हैं। सपा के काम को ही अपना बताती आ रही है। मेरी पूर्वांचल की जनता और खास कर गोरखपुर और कुशीनगर की जनता से अपील है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विजय रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करें। आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।